


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 11 नवंबर 2023 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-224 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



## दीपोत्सव की बधाई

सुख-समृद्धि व रौशनी के पर्व दिवाली की समस्त सुधि पाठकों, शुभचिंतकों और विज्ञापनदाताओं को बधाई।

**प्रधान संपादक**



## अवकाश सूचना

दीपावली पर्व पर सांध्य दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस व कार्यालय में 12 एवं 13 नवंबर 2023 को अवकाश रहेगा। अतः **तरुण छत्तीसगढ़** का अगला सांध्य संस्करण 14 नवंबर 2023 तथा डाक संस्करण 15 नवंबर 2023 को प्रकाशित होगा।

**प्रबंधक**

# जुमलेबाजों पर भरोसा नहीं करना चाहिए: भूपेश बघेल

**रायपुर,11 नवंबर।** सीएम भूपेश गरियाबंद के लिए रवाना हो गए हैं. वे अलग-अलग विधानसभा में आयोजित सभा में शामिल होंगे. इससे पहले सीएम ने पत्रकारों से चर्चा की. उन्होंने कहा कि आज बिंद्रानवागढ़, राजिम, नगरी, सिहावा, उसके बाद धमतरी कुरुद विधानसभा का दौरा है. कल सभी विधानसभा में लोगों में जबरदस्त उत्साह था. सभी लोग कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए तैयार बैठे हैं. सीएम ने कहा कि विधेयक को रोकने पर चीफ जस्टिस ने जो टिप्पणी की है वो बहुत गंभीर है. पंजाब, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ में भी एक दर्जन बिल अटके पड़े हैं. ये राजभवन में अटका हुआ है. भारतीय जनता पार्टी राज्यपाल राजभवन के माध्यम से सब कुछ कंट्रोल करना चाहती है. ये प्रजातंत्र के लिए नुकसानदायक है. सीएम ने अमित शाह



द्वारा रोड शो में दिए बयान को लेकर कहा कि विष्णुदेव साय आदिवासी नेता हैं उसको आदिवासी दिवस के दिन पद से मुक्त किये थे. कद जीरो कर दिए थे. इनकी बातों पर भरोसा नहीं करना चाहिए. अमित शाह ने कहा नगरनार नहीं बेचेगा इसकी क्या गारंटी है. नगरनार बेचने वाली सूची में हैं. ये सब चुनाव के लिए जुमलेबाजी है और भाजपा में जुमले बाज लोग हैं. इनकी बातों पर छत्तीसगढ़ की जनता विश्वास नहीं करती है. पहले देख चुके हैं. दरअसल, अमित शाह जहां जा रहे हैं वहां प्रत्याशियों को कह रहे हैं आप जीत के दिखाओ आपका कद बढ़ा देंगे इस सवाल पर सीएम ने ये बात कही है.राजनाथ सिंह के दौरे को लेकर सीएम ने कहा पाटन पावन धरती है, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती है, राजनाथ सिंह का स्वागत है आएं अच्छी बात है.

## तेज रफ्तार दो बाइकों में भिड़ंत, पांच गंभीर

**बलौदाबाजार।** जिले में रफ्तार का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है. इसके परिणाम स्वरूप आए दिन सड़कें खून से लाल हो रही है और लोग चोटिल होने के साथ मौत के आगोश में समा रहे हैं. ऐसा ही हादसा कसडोल थाना क्षेत्र में अभी आया है, जहां दो मोटरसाइकिल सवारों की आपस में जबरदस्त भिडंत हो गई है.

## नक्सलियों ने ली रतन दुबे की हत्या की जिम्मेदारी


**नारायणपुर,11 नवंबर।** बीते दिनों भाजपा नेता रतन दुबे की हत्या के मामले में शुक्रवार रात नक्सलियों ने पर्चा जारी कर हत्या की जिम्मेदारी ली है. नक्सलियों ने पर्चे में रतन दुबे द्वारा जनविरोधी नीतियों को अमल करने के कारण मौत की सजा देने का उल्लेख किया है. दरअसल, बीते 4 नवंबर को भाजपा नेता रतन दुबे झारा थाना इलाके के ग्राम कौशलनार में चुनाव प्रचार करने गये हुए थे. रतन दुबे कौशलनार के बाजार में एक माइक और स्पीकर के सहारे भाजपा की योजनाओं और घोषणाओं को गोंडी में ग्रमीणों को बता रहे थे और भाजपा के पक्ष में वोट मांग रहे थे. कुछ देर बाद ही पीछे से माओवादियों ने उन हमला कर दिया. नक्सलियों ने धारदार हथियार से भाजपा नेता पर बेरहमी से लगातार वार किया.









## एक नजर

### भ्रामक विज्ञापन देकर लॉटरी निकलने के नाम पर लूट

**राजनांदगावं 11 नवंबर।** राजनांदगांव के कुछ व्यापारियों ने जनता को लूटने चैनल बनाकर भ्रामक विज्ञापन देकर लाटरी निकलने पर एक करोड़ तक का उपहार देने का झासा दे रहे है, जिससे अनेक ग्राहक इनके झासे में आकर जरुरत से ज्यादा की खरीदी कर रहे है, बिल के स्थान पर इन्हें कूपन दिया जा रहा है। जिससे इन व्यापारियों का माल कच्चे में बेचकर जीएसटी की चोरी खुले आम कर रहे है। सूत्रों से पता चला है कि 2500/- की खरीदी पर एक कूपन दिया जा रहा है 3500/-की खरीदी पर भी एक ही कूपन दिया जा रहा है, ग्राहकों को बताया जा रहा है कि आप 1500/- सौ की खरीदी और करे तो आपको एक कूपन और मिल जायेगा, इस तरह ग्राहकों को झांसे में लेकर लालच दिलवाकर ज्यादा खरीदी करवा रहे है। इस एक करोड़ के भ्रामक विज्ञापन से प्रशासन के अधिकारी भी खरीदी कर रहे है।लेकिन जीएसटी विभाग इस मामले में चुपी साधे बैठा है। जब इस मामले में जीएसटी अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नही हो पाया।

### मतदान के दिन कारखानों में अवकाश दिए जाने संबंधी आदेश जारी

**महासमुंद 11 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान के दिन कारखानों में अवकाश दिये जाने संबंधी आदेश श्रम विभाग से जारी किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि कारखाना अधिनियम तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम के अन्तर्गत आने वाले कारखानों/संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत् उन श्रमिक/कर्मचारियों के लिए विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की नियत तिथि द्वितीय चरण शुक्रवार 17 नवम्बर 2023 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में अवकाश घोषित किया गया है। मतदान दिवस में ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिये मतदान समाप्ति के पूर्व 02-02 घंटे का अवकाश घोषित किये जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अन्तर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा प्रदान किया जाना है। उपरोक्त मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिक अथवा कर्मचारी चाहे वे दैनिक वेतन भोगी/आकस्मिक श्रमिक हो उनको प्रदान किया जाएगा।

### अर्थदण्ड जमा नहीं करने पर दो राईस मिलों को किया गया सील

**धमतरी 11 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 4 (3) के अनुसार सभी पंजीकृत राईस मिलों को कस्टम मिलिंग के लिए अनुमति आवेदन खाद्य कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना है। इसके बाद छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित एवं मिलर के बीच अनुबंध निष्पादित करना है, जिसका पालन सभी पंजीकृत राईस मिलों द्वारा किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर न्यायालय में दो प्रकरणों के तहत रामदेव मिनी राईस मिल आमदी और किशन चावल उद्योग रांवा के प्रत्येक प्रकरण में एक लाख रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। उक्त राईस मिलरों को 26 अक्टूबर को कारण बताओ नोटिस जारी कर नोटिस प्राप्ति के दो दिन के भीतर अर्थदण्ड की राशि शासन मद में जमा कर चालान की प्रति कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया था।

### बरबांधा के ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण मतदान की दी सहमति

**धमतरी 11 नवम्बर।** नगरी के बरबांधा के ग्रामीणों ने गत दिनों गांव में ही मतदान केन्द्र की मांग करते हुए मतदान बहिष्कार करने की बात कही थी। इस बात को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने ग्रामीणों के साथ बैठक आहूत करने के निर्देश अधिकारियों को दिये थे। उक्त निर्देश के परिपालन में आज जनपद पंचायत नगरी में जनपद सीईओ एवं तहसीलदार कुकरेल की उपस्थिति में ग्रामीणों की बैठक ली गई। बैठक में अधिकारियों से ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आगामी चुनाव में मतदान हेतु सभी प्रक्रिया पूरी कर ग्राम बरबांधा में मतदान केन्द्र खोलने का प्रस्ताव भेजा जायेगा।

### निधन

### विनोद यदु

**राजनांदगांव।** किशुन यदु जी के छोटे भाई



विनोद यदु जी का आज शाम उपचार के दौरान निधन हो गया है। वो पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। अंतिम यात्रा निज निवास मोतीपुर से , मोतीपुर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# बुजुर्गों एवं दिव्यांगों की लोकतंत्र में अनिवार्य भागीदारी की हकीकत

## घर में मतदान की सुविधा मिलने से बुजुर्ग सुनाई, मालती, सुंदर मोती एवं दिव्यांग सीता बाई ने प्रसन्नचित होकर किया मतदान

**महासमुंद 11 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग के होम वोटिंग की नई सुविधा मिलने पर महासमुंद जिले के 80 वर्ष से अधिक के आयु के बुजुर्गों तथा चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अनिवार्य भागीदारी का सपना साकार किया है। इस नई व्यवस्था के तहत जिले के 350 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी गयी थी। आज सुबह 08:00 बजे से रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा मतदान दलों को रवाना किया गया। सामान्य प्रेक्षक श्री विवेक एल भीमनवार ने नयापारा स्थित 85 वर्षीय शहजादी बेगम के घर जाकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने होम वोटिंग की सुविधा का निरीक्षण किया। वहीं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने भी स्थानीय वार्ड नम्बर 20 महासमुंद में जाकर 80 वर्षीय वरिष्ठजन श्री भवन लाल जैन से मिलकर होम वोटिंग का जायजा लिया।



होम वोटिंग के दौरान सरायपाली विकासखंड अंतर्गत श्रीमती लक्ष्मी पटेल 81 वर्ष, श्री जागसाय पटेल 82 वर्ष, श्रीमती कौशिल्या देवी अग्रवाल 90 वर्ष, तथा बसना विकासखंड अंतर्गत श्रीमती सुंदर मोती निषाद 90 वर्ष, डॉ. सुरीत कश्यप 86 वर्ष, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत भातकुंदा की श्रीमती सुनाई पटेल 85 वर्ष, झिलमिला की श्रीमती मालती बाई 81 वर्ष, महासमुंद निवासी श्री कुंज लाल साहू एवं मेमरा की दिव्यांग सीता बाई निषाद 35 वर्ष जैसे अनेक वरिष्ठजनों और दिव्यांगों ने उत्साहित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें होम वोटिंग की सुविधा प्रदान नहीं की जाती तो इस समय उनके लिए अपने शारीरिक अस्वस्थता के चलते मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान करना बिलकुल भी असंभव था। सभी ने उनके जैसे अनेक बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को उनके घरों पर ही मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के इस होम वोटिंग की नई व्यवस्था की प्रशंसा की।

सरायपाली की 90 वर्षीय श्रीमती कौशिल्या देवी अग्रवाल ने होम वोटिंग कर उत्साहित होकर कहा कि उनके वृद्धावस्था एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण उनके लिए मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करना बिल्कुल भी संभव नहीं था। लेकिन भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था के कारण आज उसे अपने घर में ही मतदान करने का अवसर मिला है। अपने मताधिकार का प्रयोग करने से अब मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाने की कमी नहीं खलेगी। भारत निर्वाचन आयोग की इस नई व्यवस्था की बसना की 90 वर्षीय श्रीमती सुंदरमोती निषाद ने सराहना करते हुए कहा कि आज उसे अपने घर में ही मताधिकार का सुविधा मिलना उनके लिए किसी सपने का साकार होने जैसा है। उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि अपने इस उम्र के इस पड़ाव एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण इस बार उसे मतदान करने का सौभाग्य भी प्राप्त होगा। लेकिन आज भारत निर्वाचन आयोग के इस व्यवस्था के कारण उसे आज अपने घर पर ही मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ।

इसी तरह पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम मेमरा की 35 वर्षीय दिव्यांग सीता बाई निषाद ने भारत निर्वाचन आयोग की होम वोटिंग की सुविधा की प्रशंसा करते हुए बताया कि दिव्यांग होने के कारण अपने शारीरिक परेशानियों के चलते मतदान केंद्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग नही कर पाते थे। इसके लिए उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग को विनम्र आभार व्यक्त किया। उनके अलावा अन्य मतदाताओं ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था के कारण उनके जैसे अनेक दिव्यांगों के अलावा चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्गों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। वास्तव में यह व्यवस्था देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में कारगर साबित होगा। होम वोटिंग हेतु विधानसभा क्षेत्र महासमुंद-42 के लिए 04 रूट, खल्लारी-41 के लिए 12 रूट, बसना-40 के लिए 13 रूट व सरायपाली-39 के लिए 12 रूट निर्धारित किए गए है।

# चल रहा मतदाता जागरूकता अभियान

**रायपुर 11 नवंबर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों, सफाई मित्र कर्मचारियों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति में नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी है. इस क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 1 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा अपर आयुक्त श्री शैलेन्द्र पाटले, श्री विनोद पाण्डेय, जोन 1 जोन कमिश्नर श्री जसदेव सिंह




बाबरा की उपस्थिति में जोन के अन्तर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों में रहवासी मतदाताओं के मध्य मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी, वहीं जोन क्रमांक 6 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा अपर आयुक्त श्री शैलेन्द्र पाटले, जोन 6 जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल की उपस्थिति में जोन क्षेत्र के तहत बाजार में मतदाता जागरूकता रैली निकाली. इसी प्रकार नगर निगम जोन क्रमांक 8 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव की उपस्थिति में जोन के तहत वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1 में ज्ञान भारती उच्चतर माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने रहवासी क्षेत्र के मतदाताओं को स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत शत- प्रतिशत मतदान करने की दृष्टि से जागरूक बनाने रैली निकाली एवं जोन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रहवासी मतदाताओं के साथ मिलकर शत - प्रतिशत मतदान की दृष्टि से सामूहिक शपथ ली. रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा रहवासी क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का अभियान प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी रहेगा।

# जुआ अड्डे पर छापा की कार्रवाई,13 जुआरी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 नवंबर।** थाना डोंगरगांव दिनांक 10.11.2023 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्दे नजर थाना डोंगरगांव क्षेत्रांतर्गत लगातार जुआ , शराब , व अन्य मादक पदार्थो के अवैध रूप से बिक्री करने पर जारी कार्यवाही के दौरान मामुर मुखबीर सुचना पाकर शमशान घाट , बरगद पेंड के पास ग्राम रातापायली ,थाना डोंगरगावं पर रेड कार्यवाही कर जुआरियान के पास से 4980/-रूपये एवं फड से 7200/- रूपये जुमला नगदी रकम 12,180/-रूपये , 52 पत्ती ताश , एक प्लास्टिके चटई , एवं 01 नग टार्च जप्त कर जुआरियान , - 1-बैसाखुराम निषाद पिता स्व0 बुधारूराम निषाद उम्र- 45 साल, 2-गोपाल साहु पिता केशव राम साहू, उम्र- 28 साल, 3-धनेश कुमार साहू पिता स्व0 योगराज साहू , उम्र- 45 साल, 4-दुर्गेश कुमार



मारकंडे पिता धन्नालाल मारकंडे , उम्र- 34 साल, 5- नवल किशोर सोनी पिता नरेन्द्र कुमार सोनी उम्र- 35 साल 6- चुलन सिंह पिता स्व0 लखनलाल ठाकुर , उम्र- 38 साल, 7-टीकम लाल लहरे पिता चोवाराम लहरे उम्र- 35 साल , 8- जितेनद्र कुमार निषाद पिता लोकनाथ निषाद उम्र- 35 साल, 9-चुन्नीलाल सतनामी पिता स्व0 फिरतुराम सतनामी उम्र- 48 साल, 10-शशांक साहू पिता खुलेश्वर साहू , ,उम्र- 18 साल, 11-वैभव ठाकुर पिता विनोद ठाकुर उम्र- 22 साल, साकिनान ग्राम रातापायली, 12- नंदलाल सोनकर पिता स्व0 कुंवर सिंह , उम्र- 28 साल, 13. विकास कोसरे पिता प्रकाश कोसरे , उम्र- 22 साल, दोनो निवासी ग्राम अर्जुनी थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव,छ0ग0 को धारा छ0ग0 जुआ प्रतिशेध अधि. 2022 की धारा 3(2), के तहत दिनांक 10.11.23 को गिर0 कर सक्षम जमानतदार के पेश करने जमानत मुचलका पर रिहा किया गया है ।

# ब्राह्मण समाज सभी वर्गों को जोड़ने का कार्य करता है: राजीव शुक्ल

**रायपुर 11 नवंबर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर में बीसीसीआई उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मान. राजीव शुक्ल का सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया। वहीं कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अरुण शुक्ल, सचिव सुरेश मिश्रा, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्रा, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव गौरव शुक्ल, कोषाध्यक्ष संतोष दुबे ने श्री शुक्ल को स्मृति चिह्न के रूप में बस्तर आर्ट भेंट किया और पुष्पहार से स्वागत किया गया। श्री राजीव शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्राह्मण समाज कश्मीर से कन्याकुमारी, उत्तर से दक्षिण चारों दिशाओं में विप्र समाज के बंधु फैले हुए है। उन्होंने सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय की भावना लेकर अपने अपने शहरों में रचनात्मक काम कर रहे हैं। ब्राह्मण समाज सदैव लोगों को जोड़ने का काम करता है और चींटी से लेकर मानव के कल्याण की कामना करने वाला समाज है। ब्राह्मण समाज में बहुत सारे घटक है जो पूरे देश भर में फैले हुए हैं उनकी रीतिरिवाज, खानपान, वेशभूषा में भले ही भिन्नता हो लेकिन उनका एक ही उद्देश्य है सभी वर्गों का मंगल व कल्याण हो। इस अवसर पर पार्षद प्रमोद मिश्रा, मुक्तिनाथ पाण्डेय, दिनेश शुक्ला, अजय तिवारी, राजकुमार अवस्थी, शशिकांत मिश्रा, आर.के.



दीक्षित, गिरजाशंकर दीक्षित, अनिल शुक्ल, चन्द्रिका शंकर बाजपेयी, प्रदीप शुक्ला, अशोक दीक्षित, सुशील तिवारी, देवेन्द्र पाठक, प्रशांत तिवारी, पंकज शुक्ला इन्द्र कुमार तिवारी, प्रभात पाण्डेय, श्रीमती सुधा शुक्ला, श्रीमती अर्चना त्रिवेदी एस.एस. त्रिवेदी, विदोष द्विवेदी, चतुर्भुज त्रिवेदी, विकास शुक्ला, प्रमोद गौतम, दिलीप तिवारी, एम.एम. पाण्डेय, शेषनाथ तिवारी, पंकज तिवारी रमेश शुक्ला, राजू महराज, उत्तम पाण्डेय, भोला प्रसाद तिवारी, दिलीप तिवारी, महेश्वर शुक्ल, रामायण प्रसाद शुक्ल, रामजी शर्मा, उमेश तिवारी, प्रेम शुक्ला, एस.एन. द्विवेदी, हीरामणी द्विवेदी, वीरेन्द्र शुक्ला, शिवमूरत द्विवेदी, उदय नारायण त्रिपाठी, विवेक मिश्रा, शिवांत दुबे, लाल जी पांडे, वेदराम, दीपक पांडे, अनुज मिश्रा, राजेश चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे।

# जनता का विश्वास पूरी तरह से भाजपा के साथ: गीता घासी साहू

**राजनांदगांव 11 नवंबर।** कांग्रेस कर्ज माफी की घोषणा कर किसानों पर एहसान कर अपने जाल में फसना चाहती है जबकि भाजपा छत्तीसगढ़ के किसानों के सम्मान की रक्षा करना चाहती है भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र समृद्ध छत्तीसगढ़ की परिकल्पना है उपरोक्त बातें भाजपा से खुज्जी अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू ने आज दुर्ग ग्रामीण विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर के पक्ष में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास पूरी तरह से भाजपा के साथ है। इस बार प्रदेश में भाजपा की ही सरकार बनेगी, उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना की जानकारी दी और कहा की हर विवाहित महिला के खाते में 12000 हजार रुपए महिलाओं का जीवन स्तर सुधारने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने आगे कहा कि घोषणा पत्र में प्रदेश की महिलाओं के लिए सर्वाधिक हितो को ध्यान में रखा गया है। देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में पहले भी महिलाओं को अपना सम्मान मिलते रहा है भाजपा के द्वारा जारी किए संकल्प पत्र में भी महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है वैसे तो सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखती है लेकिन सर्वाधिक ध्यान महिला शक्तियों का रखती है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट किया है कि गरीबों को मकान देगी, विवाहित महिलाओं के खातों में 12000 हजार रुपए पहुंचाएगी, 1 लाख बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराएगी, पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने गंगाजल लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में शराबबंदी का वादा किया था,यह बात किसी से छिपी नहीं है लेकिन आज भी गांव-गांव में अवैध शराब,जुआ,सट्टा चल रहा है ।

## राजनांदगांव पुलिस ने बैंकों की चेकिंग कर दिलाया सुरक्षा का एहसास




**राजनांदगांव 11 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को धनतेरस एवं दीपाली त्यौहार के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने अपने थाना क्षेत्रों के समस्त बैंकों एवं एटीएम को चेक करने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर थाना कोतवाली, बसंतपुर, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, घुमका, गैंदाटोला, छुरिया, ओपी चिखली, ओपी मोहारा प्रभारियों द्वारा अपने दलबल के साथ बैंकों के आसपास एवं बैंकों के अंदर आंतरिक सुरक्षा एवं एटीएम को चेक किया गया। बैंकों के सुरक्षा के लिए लगाये गये उपकरण सी.सी.टी.व्ही कैमरे, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, डबल लॉक की स्थिति, लॉकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारीकि से चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बैंक प्रबंधक को सीसीटीव्ही कैमरा एवं अलार्म सिस्टम को दुरुस्त रखने हेतु कहा गया साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई। बैंक में मौजूद लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत जागरूक किया।

### अंवरी के बच्चे सीख रहें है अखाड़ा करतब



**अंवरी 11 नवंबर।** ग्राम अंवरी के गौशाला चौक के छोटे छोटे बच्चे अखाड़ा सीख रहें है ।मातर महोत्सव की तैयारी एक हफ्ते पहले से चल रहा है जो कि बच्चे रोज शाम बच्चे अखाड़ा में अनेको प्रकार के करतब सिख रहें है जिसे भाई दूज मातर महोत्सव के पावन पर्व पर दिखाया जायेगा।

### नगर पंचायत भखारा में शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण



**अंवरी 11 नवंबर।** नगर पंचायत भखारा में शासकीय भूमि में कुछ लोगों द्वारा पुलिस थाना के पास अवैध अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया जा रहा था। जिसकी शिकायत मिलने पर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन मानकर , इंजीनियर ज्योति साहू, राजस्व निरीक्षक सुलेमान ग्वाल ,चंद्र प्रकाश हिरवानी, शेखर सिन्हा, चोवाराम एवं नगर पंचायत के संयुक्त टीम द्वारा उक्त अतिक्रमण को जेसीबी द्वारा हटाया गया।

### कृषि स्टार्टअप्स के लिए बाजार लिंकेज और उद्यमिता के अवसरों पर कार्यशाला आयोजित

**रायपुर 11 नवम्बर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के रफ्तार एग्री बिजनेस इंक्यूबेटर सेन्टर द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ, फेडरेशन ऑफ इंडिया एफ.पी.ओ. एवं एग्रीगेटर्स के संयुक्त तत्वावधान में ''साथी'' (समग्र एकीकरण के माध्यम से सतत कृषि) परियोजना के क्रियान्वयन के उद्देश्य से कृषि स्टार्टअप्स के लिए बाजार लिंकेज और उद्यमिता के अवसरों की खोज विषय पर कार्यशाला हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार सृजन में स्टार्टअप्स का महत्पूर्ण योगदान है। उन्होंने स्टार्टअप्स को स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर की अर्थव्यवस्था में योगदान व रोजगार सृजन के लिए उनके कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें बधाईयां दी। इस कार्यक्रम में वैयक्तिक एवं आभाषी रूप से 100 से अधिक स्टार्टअप्स ने हिस्सा लिया एवं साथी परियोजना में अपनी भागीदारी हेतु सहमति जताई। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ के प्रतिनिधि मनीष शाह ने साथी परियोजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होनें बताया कि स्टार्टअप्स के लिए इस परियोजना में क्या प्रावधान रखे गए है और स्टार्टअप्स कैसे उनका लाभ ले सकते है। इस परियोजना के अंतर्गत कोण्डागांव में मिलेट कैफे एवं सूरजपुर के केनापारा में साथी मॉल का लोकार्पण शीघ्र होगा। रफ्तार एग्री बिजनेस इंक्यूबेटर के प्रमुख एवं कार्यपालन अधिकारी डॉ. हुलास पाठक ने स्टार्टअप्स के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की, जिनसे स्टार्टअप्स एवं उद्यमी अपनी सक्रिस भूमिका निभाते हुए हितग्राही के रूप में जुड़कर बाजार कनेक्शन का विस्तार कर सकें, नौकरियां सृजित कर सकें एवं व्यवसाय, उत्पाद तथा सेवा श्रृखंला को आगे बढ़ाएं, जिससे समग्र कृषि एवं ग्रामीण विकास हो सकेगा।

## गोली मारकर शव को जंगल में छुपाने का मामला

# संवेदनशील मामले पर थाना छुरिया एवं जोब पुलिस की त्वरित कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 नवंबर।** मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 05.11.2023 को सूचक हरीलाल मंडावी पिता माहरू राम मंडावी उम्र 48 साल निवासी पण्डरापानी पुलिस चौकी जोब द्वारा चौकी आकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 05.11.2023 को ग्राम में देव कार्य से ग्राम प्रमुखों का बैठक रखा गया था बैठक में बंशीलाल मंडावी नहीं आया था तब गांव के प्रमुखों द्वारा कोटवार गौतम को बंशीलाल मंडावी के घर बुलाने भेजे तब बंशीलाल का बड़ा पुत्र अमन मंडावी बैठक में आया, बंशीलाल के बारे में पुछताछ करने पर अमन मंडावी ने बताया कि दिनांक 27.10.2023 के रात में करीबन 08:00 बजे मेरे पिताजी मुझे एवं मेरे छोटे भाई को काम नहीं करते हो कहकर हमेशा की तरह लड़ाई-झगड़ा कर मारपीट करने पर उतारू हो गया था तब मैं और मेरा छोटा भाई अपने पिता को डण्डे एवं घर में रखे भरमार बंदूक से सीने में मारने पर पिताजी वहीं मर गया जिसके शव को जंगल में पाट दिये है बताने पर दिनांक




05.11.2023 को पुलिस चौकी जोब में मर्ग क्रमांक 84/2023 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच में लिया गया।

मामला गंभीर प्रकृति का होने से श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग जिला राजनांदगांव से मार्गदर्शन प्राप्त कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के निर्देशन में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक शिवप्रसाद चन्द्रा एवं चौकी प्रभारी जोब उप निरी. आर.एस. नेताम के नेतृत्व में मृतक के पुत्र अमन मंडावी उम्र 19 साल एवं छोटा भाई विधि से संघर्षरत् बालक उम्र 17 साल के निशानदेही पर शव उत्खनन की कार्यवाही कार्यपालिक दण्डाधिकारी छुरिया एवं पंचानगणों की उपस्थिति में शव का निरीक्षण कर शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया के डॉ0 चन्द्रशेखर वर्मा के द्वारा मृतक बंशीलाल मंडावी के शव को मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री राजनांदगांव रिफर किये जाने से शव का पी0एम0 मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव से कराया गया। मृतक के बड़ा पुत्र अमन मंडावी उम्र 19 साल एवं छोटा पुत्र विधि से संघर्षरत बालक उम्र 17 साल से पुछताछ करने पर बताये कि अपने पिता के द्वारा आये दिन लड़ाई-झगड़ा, मारपीट करने की आदत से तंग आकर घटना दिनांक समय को हत्या कारित करना स्वीकार करने पर घटना में प्रयुक्त 01 नग डण्डा एवं 01 नग भरमार बंदूक को जप्त कर पुलिस चौकी जोब थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 311/2023 धारा 302, 201, 34, भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी अमन मंडावी उम्र 19 साल को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपी अमन मंडावी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया एवं विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेक्षण गृह में दाखिल किया गया है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक शिवप्रसाद चन्द्रा थाना प्रभारी छुरिया, उप निरी. आर.एस. नेताम चौकी प्रभारी जोब, प्र0आर0 127 अनिलेश ठाकुर, आरक्षक 1453 महावीर नेताम, आरक्षक 555 डिलेश मंडावी का विशेष योगदान रहा।

## संपादकीय

# यह सजा के साथ सबक भी है

लोकतंत्र में नियम व कानून से ऊपर कोई नहीं होता है। किसी ने नियम तोड़ा है तो उसे नियम तोड़ने की सजा तो मिलनी चाहिए, किसी ने अपराध किया है तो उसे उस अपराध की तय सजा तो मिलनी ही चाहिए। कई बार सजा का मतलब किसी को परेशान करना नहीं होता है किसी को नीचा दिखाना नहीं होता है, किसी से बदला लेना नहीं होता है। कई बार सजा तो इसलिए भी दी जाती है कि लोग उससे सबक लें। कोई फिर वैसी गलती करने को सोचे तो उसे पता रहे कि ऐसी गलती पर कैसी सजा मिलती है। ऐसा नहीं है कि महुआ मोइत्रा को इस देश में कैश फार क्वैरी मामले में पहली बार सजा दी गई है। इससे पहले भी जब भी किसी ने इस तरह की गलती या संसद के नियम के विपरीत काम किया है तो उसे नियमानुसार सजा मिली है। संसद की एथिक्क कमेटी ने महुआ मोइत्रा मामले में निष्कासित करने की सिफारिश की है। लोकसभा सदस्य विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता में हुई एथिक्स कमेटी की बैठक में 479 पेज की रिपोर्ट स्वीकार की गई और बैठक में 6-4 के बहुमत से महुआ मोइत्रा को संसद से निष्काासित करने की सिफारिश की गई है।कमेटी के मुताबिक महुआ को लाग इन आई डी व पासवर्ड दूसरो को देने तथा अनैतिक आचरण का दोषी पाया गया है।इसलिए उनको संसद से निष्कासित करने की सिफारिश की गई है। जिन चार सांसदों ने रिपोर्ट की सिफारिश को पूर्वाग्रहपूर्ण व गलत बताते हुए विरोध किया है, उनका तर्क था कि इस मामले में कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को भी बुलाया जाना था। यह तो विपक्ष का फैसले में मीनमेख निकालना है।लोकतंत्र में बहुमत का फैसला ही सही माना जाता है। महुआ मोइत्रा ने एथिक्स कमेटी के फैसले पर कहा है कि यह कंगारू कोर्ट का पहले से तय फैसला है और देश के लिए संदेश है कि यह संसदीय लोकतंत्र की मौत है।वे भले की मुझे लोकसभा से निष्कासित कर दें लेकिन मैं अगली लोकसभा में फिर बड़े अंतर से जीत कर आऊंगी। महुआ मोइत्रा के बयान से समझा जा सकता है कि उन्हें अपनी गलती का परिणाम पता था। इसलिएि वह मानती है कि उनके खिलाफ जो फैसला दिया गया है वह पहले से तय था। कई लोग तो उस वक्त ही यह कह चुके थे जब महुआ मोइत्रा की गलती सामने आई थी। महुआ ने गलती ही ऐसी की थी कि उसे नियमों को देखते हुए माफ तो किया ही नहीं जा सकता था। उन्हें तो अपनी गलती की सजा मिली है। एक सांसद को जैसा आचरण नहीं करना चाहिए वैसा आचरण उन्होने किया और उसका परिणाम उन्हें भुगतना पड़ा है। उन्होने कहा है कि वह फिर से चुनकर लोकसभा में आएंगी तो उन्हें चुनाव में जनता को जरूर बता देना चाहिए कि वह चुनकर जाएंगी तो उनको क्या सवाल उठाना चाहिए। यदि जनता उन्हें अडानी के बारे में सवाल पूछने की इजाजत देती है तो उन्हें संसद में फिर से आकर अडानी का सवाल पूछना चाहिए। पिछली बार तो जनता ने उन्हें अडानी पर सवाल पूछने के लिए संसद भेजा नहीं था लेकिन उन्होंने वही किया जो एक कारोबारी चाहता था। जनता के वोट से चुनकर आई सांसद को जनता के सवाल पूछने चाहिए। महुआ मोइत्रा ने यही नहीं किया। वही किया जो न तो जनता को पसंद था और न ही वह काम किया जो नियमों के अनुकूल था। कई लोग इस देश में ऐसे भी हैं जो इतने मोदी विरोधी है कि कोई मोदी विरोध में कुछ भी करे या कुछ भी कहे तो उसे सही मान लेते हैं। उनका कहना रहता है कि मोदी विरोध करना गलत नहीं है। वह भूल जाते हैं कि मोदी विरोध की भी एक सीमा है। मोदी विरोध में कोई सीमा लांघेगा तो उसे नियम व कानून के अनुसार सजा तो मिलेगी ही । चाहे वह महुआ मोइत्रा हो या राहुल गांधी हो। लोकतंत्र में विरोध के नाम पर किसी को भी कुछ भी कहने या करने की छूट इस आधार पर तो दी नहीं जा सकती वह विपक्ष का है। विपक्ष में होने से कोई नियम कानून ऊपर नही हो जाता है। देश में कानून का राज है और कानून से ऊपर कोई नहीं है।

# प्यार और इंसानियत रूपी दीयों की कतारे लगाये

**ज्योति कलश**

**ललित गर्ग**



> **जीवन को अध्यात्म के दीपों से रोशनीमय बनाने के लिये जरूरी है कि हम सबसे अधिक स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार करें। जबकि अक्सर हम अपनी ही अनदेखी करते हैं। ऐसे में कभी-कभी खुद का हाल-चाल पूछना, फालतू विचारों और गिले-शिकवों की रद्दी को हटाकर दिल और दिमाग को हल्का और शांत करना खुद को नई शक्ति से भरपूर करना है।**

दीपावली एक लौकिक पर्व है। यह आत्मज्योति जगाने एवं भीतर की दुनिया को उज्ज्वल बनाने का पर्व है, इसलिये दीपों की कतारे लगाकर केवल बाहरी अंधकार को ही नहीं, बल्कि भीतरी अंधकार को मिटाने के जतन करने होंगे। हम भीतर में धर्म का दीप जलाकर मोह और मूर्च्छा के अंधकार को दूर कर सकते हैं। भीतर की शुद्धि के अपने मायने हैं। लव ऑर एबव की संस्थापक और हीलर क्रिस्टी मैरी शेल्डन कहती हैं, 'जितना हम अपनी बुरी आदतों की सफाई करते हैं, उतना ही अच्छा महसूस करते हैं। भीतर की अच्छी ऊर्जा का प्रवाह हमारे आसपास पर भी अच्छा असर डालता है।' इसी सोच के साथ हमें दीपावली को कोरा भौतिक ही नहीं, आध्यात्मिक स्वरूप देना होगा। झोपड़ियों के अंधकार को मिटाने श्रीराम आयेंगे-गीत की पंक्तियों के अनुरूप घर-घर में श्रीराम की प्रतिष्ठा कर दीपावली को अर्थपूर्ण बनाये।

जीवन को अध्यात्म के दीपों से रोशनीमय बनाने के लिये जरूरी है कि हम सबसे अधिक स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार करें। जबकि अक्सर हम अपनी ही अनदेखी करते हैं। ऐसे में कभी-कभी खुद का हाल-चाल पूछना, फालतू विचारों और गिले-शिकवों की रद्दी को हटाकर दिल और दिमाग को हल्का और शांत करना खुद को नई शक्ति से भरपूर करना है। भीतर की शुद्धि का एक मतलब यह भी है कि हम दूसरों को गलत ठहराने की जगह अपनी गलती ढूंढें। उसमें सुधार करें। लेखक एडमंड एमबाइका मानते हैं कि अपनी सफलता और खुशी के लिए केवल हम जिम्मेदार हैं, कोई और नहीं। अपने रोज के सही कामों से हम खुद को ही खुश करते हैं।' इसलिये दीपावली एक शुरुआत है अच्छे बनने, अच्छा करने एवं अच्छा सोचने की।

दीपावली के मौके पर सभी आमतौर से अपने घरों की साफ-सफाई, साज-सज्जा और उसे संवारने-निखारने का प्रयास करते हैं। उसी प्रकार अगर भीतर चेतना के आँगन पर जमे कर्म के कचरे को बुहारकर साफ किया जाए, उसे संयम से सजाने-संवारने का प्रयास किया जाए और उसमें आत्मा रूपी दीपक की अखंड ज्योति को प्रज्वलित कर दिया जाए तो मनुष्य शाश्वत सुख, शांति एवं आनंद को प्राप्त हो सकता है। केवल बाहर की साफ-सफाई से काम नहीं चलता। भीतर के कोनों में जमी गंदगी और जालों को भी हटाना होता है। कारण कि गंदगी जितनी भी तहों के बीच क्यों ना दबी हो, देर-सवेर बाहर आती ही है। दीपावली जैसे शक्ति का असली उत्सव, अपने भीतर की बगिया में उग आई कंटीली झाड़ियों को हटाकर ही मनाया जा सकता है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप पूजा-पाठ करते हैं या नहीं। मंदिर जाते हैं या नहीं। मायने इस बात के हैं कि आप खुद को और दूसरों को क्या समझते हैं। इंसानियत के दर्शन को कितनी तवज्जो देते हैं। बौद्ध गुरु दलाई लामा कहते हैं, 'मंदिर की जरूरत नहीं है, ना ही भारी-भरकम जटिल दर्शन की। मेरा दिल और दिमाग ही मेरे मंदिर हैं और करुणा मेरा दर्शन।'

दीपों की कतारें दीपावली का शाब्दिक अर्थ ही नहीं, वास्तविक अर्थ है। कतारों के लिए निरंतरता जरूरी है। और निरंतरता के लिए नपा-तुला क्रम। दीप जब कतार में होते हैं, तो आनंद का सूचक बन जाते हैं। जैसे कोई मूक उत्सव हो- जगर-मगर उजाले का। उजालों की पंक्तियां उल्लास का द्योतक हैं। दीप होते ही प्रेरक हैं। एक बाती, अंजुरी-भर तेल और राह-भर प्रकाश। जितना सादा दीपावली का दीपक होता है, उससे सादा कुछ नहीं हो सकता। माटी ने ज्यों पक-जमकर, बाती के बीज से ज्योत पल्लवित की हो। यह विजय पताका कार्तिक अमावस्या के अंधेरे की पूरी रात दूर रखती है। दीपावली



की रात को हर दीप रोशनी की लहर बनाता है, उजालों के समन्दर में अपना योगदान देता है। ठीक ऐसा ही उजाला भीतर भी हो।

शेक्सपियर की चर्चित पंक्ति है- 'अगर रोशनी पवित्रता का जीवन रक्त है तो विश्व को रोशनीमय कर दो/ जगमगा दो और इसे जी-भरकर बाहुल्यता से प्राप्त करो।' शेक्सपियर ने यह पंक्ति चाहे जिस संदर्भ में कही हो, पर इसका उद्देश्य निश्चित ही पवित्र था और अनेक अर्थों को लिए हुए यह उक्ति सचमुच में जीवन व्यवहार की स्पष्टता के अधिक नजदीक है। दीपावली का पर्व और उससे जुड़े रोशनी के दर्शन का भी यह उद्घोष है। रोशनी! उत्सव का प्रतीक, खुशी के इजहार करने का प्रतीक है, आत्मा को उजालने का द्योतक है, सफलता की प्रतीति है। अगर हम इस सोच को गहराई में डुबो लें तो ये सूक्तियां हमारे जीवन की रक्त धमनियां बन सकती हैं और उससे उत्तम व्यवहार की रश्मियां प्रस्फुटित हो सकती है। उन रश्मियों की निष्पत्तियां के स्वर होंगे- सदा दीपावली संत की आठों पहर आनन्द, घट-घट दीप जले, दीये की लौ सूरज से मिल जाये।

दीपावली का सम्पूर्ण पर्व एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक आत्मज्योति है, एक प्रकार की गति है। एक सत्य से दूसरे सत्य की ओर अनवरत, अनिरुद्ध गति ही दीपावली की जीवंतता है। जीवन के अनेक अनुभवों का समवाय है दीपावली। एक अनुभूति से दूसरी अनुभूति तक की यात्रा में जो दीपावली के विलक्षण एवं अद्भुत क्षणों की गति है, वही जीवन की वास्तविकता है। जीवन एक यात्रा है, सतत यात्रा। ठीक इसी तरह दीपावली भी एक यात्रा है, एक प्रस्थान है, कुछ नया पाने की, अनूठा करने की, भीतर संसार को समृद्ध बनाने की। उजालों का स्वागत करें। दीपावली की रात भारत भूमि पर आसमान उतर आता है। ज्यों आकाश में तारे टिमटिमाते हैं, सो उस रात धरा पर दिए टिमटिमाते हैं। दीपावली पर रोशनी का परचम बुलंद किए हौसलेमंद दिए ज्यों तम के सामने डट जाते हैं, वह एक कालजयी ऐलान है विजय का।

इस विजय को पाने एवं मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता। एक बार अंधकार ने ब्रह्माजी से शिकायत की कि सूरज मेरा पीछा करता है। वह मुझे मिटा देना चाहता है। ब्रह्माजी ने इस बारे में सूरज को बोला तो सूरज ने कहा-मैं अंधकार को जानता तक नहीं, मिटाने की बात तो दूर, आप पहले उसे मेरे सामने उपस्थित करें। मैं उसकी शक्ल-सूरत देखना चाहता हूँ। ब्रह्माजी ने उसे सूरज के सामने आने के लिए कहा तो अंधकार बोला-मैं उसके पास कैसे आ सकता हूँ? अगर आ गया तो मेरा अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। समाज में उजाला फैलाने के लिये इंसान के अंदर इंसानियत होना जरूरी है। जिस तरह दीप से दीप जलता है, वैसे ही प्यार देने से प्यार बढ़ता है और समाज में प्यार और इंसानियत रूपी उजालों की आज बहुत जरूरत है।

जीवन के ह्रास और विकास के संवादी सूत्र हैं- अंधकार और प्रकाश। अंधकार स्वभाव नहीं, विभाव है। वह प्रतीक है हमारी वैयक्तिक दुर्बलताओं का, अपाहिज सपनों और संकल्पों का। निराश, निष्क्रिय, निरुद्देश्य जीवन शैली का। स्वीकृत अर्थशून्य सोच का। जीवन मूल्यों के प्रति टूटती निष्ठा का। विधायक चिन्तन, कर्म और आचरण के अभाव का। अब तक उजालों ने ही मनुष्य को अंधेरों से मुक्ति दी है, इन्हीं उजालों के बल पर उसने ज्ञान को अनुभूत किया अर्थात सिद्धांत को व्यावहारिक जीवन में उतारा। यही कारण है कि उसकी हस्ति आजतक नहीं मिटी। उसकी दृष्टि में गुण कोरा ज्ञान नहीं है, गुण कोरा आचरण नहीं है। दोनों का समन्वय है। जिसकी कथनी और करनी में अंतर नहीं होता वही समाज में आदर के योग बनता है।

हम उजालों की वास्तविक पहचान करें, अपने आप को टटोलें, अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि कषायों को दूर करें और उसी मार्ग पर चलें जो मानवता का मार्ग है। हमें समझ लेना चाहिए कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है, वह बार-बार नहीं मिलता। समाज उसी को पूजता है जो अपने लिए नहीं दूसरों के लिए जीता है। इसी से गोस्वामी तुलसीदासजी ने कहा है-'परहित सरिस धरम नहीं भाई'। स्मरण रहे कि यही उजालों को नमन है और यही उजाला हमारी जीवन की सार्थकता है। जो सच है, जो सही है उसे सिर्फ आंख मूंदकर मान नहीं लेना चाहिए। खुली आंखों से देखना एवं परखना भी चाहिए। प्रमाद टूटता है तब व्यक्ति में प्रतिरोधात्मक शक्ति जागती है। वह बुराइयों को विराम देता है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में पिता का सहयोग मिलेगा। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे। आज आपके स्वभाव में संयम और धीरज बना रहेगा, जिसके कारण आप अपनी सभी समस्याओं का हल आसानी से ढूंढ लेंगे।

**वृष राशि-** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापार में आज आपको रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। आज अपना पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम ईमानदारी से पूरा करने की कोशिश करें, आपको सफलता जरूर हासील होगी। अगर आज किसी को प्रपोज करना चाह रहे हैं तो कर सकते है, आपकी किस्मत आपका साथ जरूर देगी।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नए कार्यो को सीखने में लगेगा। आज आपके बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, कोई उपहार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क राशि-** आपके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। महिलायें आज घर के काम-काज निपटाने में सफल रहेंगी। आज जीवनसाथी को मनाने के लिए उन्हें उनके मनपसंद का उपहार देंगे। आज कोई भी फैसला सोच-समझकर लें, परिवार की सलाह लेना ज्यादा अच्छा रहेगा।

**सिंह राशि-** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्कप्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन किसी जानकार से सलाह लेने पर जल्द ही वह दूर भी हो जाएगी। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतरीन रहने वाला है। पिता बच्चों के साथ गेम्स खेलने का प्लान बन सकता है।

**कन्या राशि-**आज का दिन आपके फेवर में रहने वाला है। आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने को करेगा। आर्थिक रूप से आज आपकी स्थिति मजबूत बनेगी। अपने अधूरे कार्यो को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आपका आत्मविश्वास ही आज आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा। प्रशासनिक कार्यो को पूरा करने के लिये आपको थोड़े धैर्य से काम लेना होगा।

**तुला राशि-** आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आपके बनाए प्लान में कोई बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। व्यापार में अच्छा लाभ होने से, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज ऑफिस में आपका प्रमोशन होने के चांस बन रहे हैं। आज परिवार के साथ समय बिताने से घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। संगीत से जुड़े लोगों को आज का दिन अच्छा है, समाज में नाम होगा।

**वृश्चिक राशि-** आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज बड़े-बुजुर्गो की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आज आपके लिए धन लाभ के योग बने हुये है। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान होगा। शत्रु आपको हराने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपके सम्मुख ठहर नहीं सकेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को विशेष सफलता हासिल होगी, ऑफ़िस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों को आय के नए स्त्रोत मिलेंगे। आज अचानक आपके किसी मित्र का फोन आ सकता है। छात्र आज ऑनलाइन कोई टॉपिक समझने की कोशिश करेंगे।

**धनु राशि-** आज आपका रुझान अध्यात्मक की तरफ ज्यादा रहेगा। आज घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करेंगे, जिसमें लोगों का आना-जाना लगा रहेगा। राजनीतिक कार्यो में आपकी रुचि बढ़ेगी, साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज किसी प्रतियोगिता में आपकी परफॉरमेंस अच्छी रहने वाली है। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। बिजनेस में पिता को सहयोग करेंगे, इससे उनको प्रसन्नता होगी।

**मकर राशि-** आज आपका दिन आपके लिये नयी खुशियाँ लाने वाला है। आज कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोत्तरी भी हो सकती है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यो में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आज आपकी बात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से विचार विमर्श करेंगे। आज के दिन दूर की यात्रा करने से बचें।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। संतान की करियर को बेहतर बनाने के लिए आज किसी शिक्षक से सलाह लेंगे। दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते है। पूरा दिन इंज्वाय से भरा रहेगा। ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं।

## व्यंग्य

# हम बिरयानी खाने आए हैं

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



हमारे यहाँ एक टीम आयी है खाने के लिए। मैच से पहले जोमैटो से बिरियानी ऑर्डर करती है। इसके बाद चारों ओर उनकी टीम और बिरयानी के किस्से लोटपोट करने को मजबूर करते हैं। दरअसल वे मैच खेलने से पहले लोकल बिरयानी का स्वाद लेना चाहती थी जो कि होटल के मेनू में उपलब्ध नहीं था जिसके बाद खिलाड़ियों ने जोमैटो से बिरियानी ऑर्डर की। वही इन खिलाड़ियों ने चाप, फिरनी, कबाब और शाही टुकड़ा का स्वाद भी जमकर लिया। एक खिलाड़ी अपना दुखड़ा रोते हुए कहता है कि जब भी हम हारते हैं तो कहते हो कि हम बिरयानी खाते हैं लेकिन जब हम जीतते हैं तो ये क्यों नहीं कहते कि हम बिरयानी खाते हैं? जब वह टीम हमारे यहाँ आयी थी तब भी उस टीम की मीडिया के द्वारा बिरयानी को लेकर कई सवाल उठे थे जिसमे पूछा जा रहा था कि आपके यहाँ हमारे खिलाड़ियों को बिरयानी क्यों नहीं दिया जा रहा है? जबकि मैच की तैयारी के लिए मैदान और अन्य सुविधाओं में कोई कमी नहीं की गई थी।

ऊपर बताए खिलाड़ियों की हालत देख तरस से ज्यादा हँसी आती है। उन्हीं खिलाड़ियों में से एक ने किसी को न बताने की शर्त में अपनी पीड़ा कुछ यूँ बयान कि ÷फोकट की दावत वह भी महंगाई के दिनों में! वाह! सुनते ही उनके पाचन तंत्र के सभी अंग खिलखिलाने लगे। बहुत दिनों के बाद उन्हें पचाने के लिए कुछ मिलने वाला है। वरना उन्हें संदेह हो रहा था कि वे शरीर के अंग हैं भी या नहीं। सब कुछ ठीक-ठाक था लेकिन चक्कर दावत के तरीके से था। अंग्रेजी में उस दावत की स्पेलिंग तो उन्हें पता है किंतु उच्चारण करना कैसे है, यही उनके लिए टेढ़ी खीर है। कभी बुफेट कहते हैं तो कभी बफेट। कुछ खिलाड़ियों के कहने पर बुफे तो कुछ के कहने पर बफे। उन्हें अभी तक यह समझ नहीं आया कि वे खाने जा रहे हैं या खेलने। सामान्य भाषा में कहना हो तो खड़े होकर, हाथ में प्लेट लेकर दर-दर की ठोकरें खाते हुए परोसने वाले के पास पहुँचकर खाने को जो कुछ भी मिल जाता है उसे ही 'वो' (बुफेट, बफेट, बुफे, बफे) कहते हैं। परोसिया भी ऐसा कि किसी कोड लैंग्वेज का पालन करने वाला रोबोट हो जैसे। वह परोसेगा भी ऐसे जैसे उसके घर से दे रहा है। दूसरी बार जाने पर वह ऊपर से नीचे ऐसे घूरता है कि तीसरी बार जाने से पहले शर्म के मारे मर ही जाएँ। आप मानें या न मानें उनके लिए यह दावत किसी आफत से कम नहीं है। ऐसी दावतों में अपना भुक्खड़पन छिपाकर रखना पड़ता है। एकदम ऊपर से चंगे और भीतर से भूखे-नंगे। हमने देखा कि हॉल में जैसे ही बैठे, अचानक से भगदड़ मची। पता चला कि 'खड़ाखाऊ' दावत के व्यंजनों पर से ढक्कन उतार दिए गए हैं। ऐसे समय में 'अब न चूक चौहान' की तर्ज पर लंबी-लंबी कतारों में बाढ़ में बर्बाद हो गए किसी शरणार्थी की तरह राहतसामग्री हेतु खड़े होने के लिए विवश होना पड़ता है। ऐसी दावतों में 'पहले आओ अच्छा पाओ' की स्कीम खुलेखाम धड़ल्ले से चलती है। देर हुई तो समझो गए काम से। हमारी हालत तो और भी बदतर थी। हाथ में प्लेट लिए खाना तो दूर उसे देखने भर के लिए तरस रहे थे। उनके एक मित्र की हालत तो 'लाएँ हैं तूफान से कश्ती निकालकर' की 'तर्ज पर लाएँ हैं बिरयानी अपना कुर्ता फड़वाकर' जैसी हो गई थी। इसलिए इन दावतों की अदाओं से कुछ अनुभवी लोग अपना परिधान बचाकर पूरा ध्यान खाने पर रखते हैं। कभी-कभी तो लगता है ऐसे विशेषज्ञों से इन दावतों में जाने का प्रशिक्षण ले लेना चाहिए।

उनकी भाभी जी का हाल तो और बुरा था। ननद से माँगी हुई साड़ी पहनकर व्यंजन बटोरने की हड़बडी में उसे बटर पनीर के सुपुर्द कर दिया। अब वह खाना-पीना छोड़कर झल्लाते हुए साड़ी की धुलाई में लग गई हैं। जिंदगी है तो फिर कभी खाया जा सकता है, लेकिन यह साड़ी नहीं होगी तो ऐसी जिंदगी भी किस काम की। खाया-पिया कुछ नहीं ननद से साड़ी की डाँट सुनो अलग से। कुछ लोग तो काल्पनिक होते है।

## दीपावली

# कुम्हार परिवार का पोषक मिट्टी का दीया

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**



दीपों का पर्व दीपावली हिंदू धर्मावलंबियों का मुख्य त्यौहार है । यही वह पर्व है जिसमें समाज का हर वर्ग अपनी संपन्नता तलाशता दिखाई पड़ता है । दीवाली पर्व की तैयारी घर की साफ- सफाई से शुरू होती है । नए वस्त्रों की खरीदी , प्राकृतिक फूलों से लेकर बनावटी झालरों का बाजार इसी त्यौहार में सजा दिखाई पड़ता है । रंगोली से लेकर पटाखो की लड़ी का बाजार भी मदमस्त नजर आता है । इन सारी तैयारी और सजावटों के बीच समाज का एक अत्यंत गरीब वर्ग भी अपनी झोपड़ी में खुशियों का इंतजार करता देखा जा सकता है । वह वर्ग कोई और नहीं बल्कि कुम्हार वर्ग ही है । हमारे सारे उत्सवों में मंगलकारी दीपों सहित कलशो का निर्माण कर हमारी समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कुम्हार परिवार के साथ हमारा मानवीय समाज हितैषी की भूमिका नहीं निभा पा रहा है ! आज भागती - दौड़ती जिंदगी में हर व्यक्ति अपनी परंपरा को भूलता जा रहा है ! यही कारण है कि हम पर्यावरण संकट में उलझते जा रहे हैं । केवल मानव समाज ही नहीं पशु- पक्षी भी दूषित पर्यावरण से अपना जीवन संकट में देख रहे हैं ।हम अपनी जिस परंपरा को भूल रहे हैं वह दीपावली पर्व से नाता रखती है । जी ! हां !दीपावली पर्व पर रोशन किए जाने वाले मिट्टी के दीए जहां पर्यावरण मित्र होते हैं , वहीं कुम्हार परिवार के पोषक भी कहे जा सकते हैं । आज हम दीप प्रज्वलन कि इसी परंपरा को इलेक्ट्रॉनिक लाइटों के रूप में अपना कर कहीं न कहीं परंपरा के साथ ही कुम्हार परिवार को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं !

घर- परिवार के उम्र- दराज बुजुर्ग बताते हैं कि एक समय ऐसा भी था जब दीपावली से पूर्व लोग कुम्हार परिवार को दीपों और कलशों के साथ मां लक्ष्मी , गणेश की मूर्ति के लिए पहले से बता दिया करते थे । उस परंपरा के चलते कुम्हार परिवार भी अपने जीवन में आने वाले उत्साह और खुशी का अनुमान लगाकर अपने कार्य में उमंग के साथ जुट जाया करता था । आज भी कुम्हार परिवार दीपावली के नजदीक आते ही दीपों के साथ अन्य पूजा सामग्री के निर्माण में जुट जाता है ।उसे विश्वास होता है कि उसे मेहनत का फल अवश्य मिलेगा । एक ओर जहां दीपों को बनाने वालों ने अपने



कर्तव्यों को लगातार पूरा किया है वहीं दूसरी ओर उपभोक्ता के रूप में मानवीय समाज ने परंपरा को जीवंत नहीं रखा है ! अब लोग मिट्टी के दीए जलाना कम कर चुके हैं । इसके स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक लाइटों , झालरों तथा नई-नई तकनीक से बनी लाइटों पर लोगों की रुचि अधिक देखी जा रही है ! अब मिट्टी के चंद दीए केवल परंपरा निर्वाह के रूप में प्रज्वलित किए जा रहे हैं ! मुझे याद है जब मैं हाई स्कूल का विद्यार्थी था , मेरे बड़े भाई- बहन और पिताजी लक्ष्मी पूजा के दिन दीपोत्सव दिखाने शहर का भ्रमण कराया करते थे । मेरे पाठकों को आश्चर्य हो सकता है कि उस वक्त लोग अपने आंगनों में बड़े ही आकर्षक रूप में सैकड़ो की संख्या में दीपों को कतारबद्ध कर रोशनी बिखेरा करते थे । दीपों की खरीदारी दर्जनों में नहीं बल्कि सैकड़ो में की जाती थी ।

कई पीढियां से मिट्टी के बर्तन और दीप तथा मूर्तियां और कलश बनाने वाले परिवार के कारीगर बताते हैं कि उन्हें यह कला विरासत में मिली है । पहले के समय में इस काम में फायदा भी काफी हुआ करता था । कारण यह कि उनके द्वारा बनाई गई सामग्री की बाजारों में खूब बिक्री हुआ करती थी । बदलते समय और प्लास्टिक के साथ चीनी सामानों तथा रोशनी के इलेक्ट्रिकल सामानों ने उनकी कमाई ही खत्म नहीं की वरन उनके परिवार में त्यौहार की बरसने वाली खुशियों पर भी ग्रहण लगा दिया ! मिट्टी के दीए बनाने वालों का कहना है कि दीपावली एक ऐसा त्यौहार है , जिसमें मिट्टी से बने सामानों का धार्मिक महत्व सामने आने से अच्छी खासी बिक्री हुआ करती थी ।आज के समय में उनके द्वारा लगाई गई लागत भी वसूल नहीं हो पाती है ! दूसरा बड़ा कारण यह भी है कि पहले के समय में मिट्टी आसानी से उपलब्ध हो जाया करती थी , किंतु अब उन्हें मिट्टी भी ऊंची कीमत में खरीदनी पड़ रही है ! कुम्हार परिवारों का कहना है कि पहले के समय में चकिया , घरौंदे , गुड्डे - गुड़िया , गुल्लक और छोटे-छोटे आकर्षक बर्तन बच्चों को खूब भाते थे , और उनके माता-पिता उन्हें खरीद कर दिया भी करते थे। आज दीपावली में मिट्टी के दीपों के बजाय लोग फैंसी दीए खरीद रहे हैं ! चीनी सामानों ने सबसे अधिक नुकसान कुम्हार परिवार को ही पहुंचाया है !

वर्तमान में समय की मांग है कि हम अपनी परंपरा को आत्मसात करें । उसके महत्व को समझते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें । बाजार के उत्पादों और मानवीय समाज के विकास तथा इसकी संरचना और हर वर्ग की जरूरत को समझना भी हमारे कर्तव्यों में शामिल होना चाहिए । यदि हम अपनी परंपरा तथा समाज के द्वारा किए गए उत्पादन और उपभोग में वैचारिक संतुलन को साध लेते हैं , तो कोई भी समस्या ऐसी नहीं होगी जो हमारे मानवीय जीवन अथवा समाज को अव्यवस्थित कर सके ! हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं कि हमारे पास समय है , साधन है , भाव है , बस जरूरत है इन सभी को एक धागे में पिरोने की , और फिर इनकी एक सुंदर माला बनाने की । भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की प्रतिमा बनाकर उसे घर-घर पहुंचाकर सभी की सुख- समृद्धि का सूत्रधार बनने वाला कुम्हार परिवार आखिर क्यों अंधेरे में जीवन बिताने विवश है ? ऐसे योद्धाओं का मानना है कि , वह गरीब और भूमिहीन है । बावजूद इसके देश की किसी भी सरकार ने उनके उन्नयन के लिए कुछ नहीं किया है !

नए जमाने की नई हवा भले ही पुराने रीति-रिवाज को पीछे छोड़ते उतारू हो , किंतु आज भी मिट्टी के एक छोटे से दीपक की लौ के आगे , इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चकाचौंध बाजार की चमक फीकी ही है ! करवा - चौथ हो या अहोई अष्टमी , दीपावली हो अथवा कमरछठ जैसा पर्व , वे कुमार के चाक और बर्तनों के बिना पूरे नहीं होते ! कुम्हार के चाक से बने खास दीए दीपावली में चार चांद लगाते देखे जा सकते हैं । जिस तरह मनुष्य का शरीर पांच तत्वों से मिलकर बना है , ठीक उसी तरह मिट्टी का दीपक भी- पानी ,आग, मिट्टी , हवा तथा आकाश तत्व से मिलकर बना होता है । दीप प्रज्वलन के साथ ही सारे धार्मिक कर्म संपन्न होते हैं । वास्तु शास्त्र में इसका महत्व इस बात से है कि , यदि घर पर मिट्टी से बने दीए को अखंड द्वीप के रूप में प्रज्वलित किया जाए , तो घर पर उत्पन्न सभी वास्तु दोष समाप्त हो जाते हैं ।

## एक नजर

### आचार संहिता का उल्लंघन, शासकीय कर्मचारी निलंबित

**रायपुर 11 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान शासकीय कर्मचारी द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मंदिर हसौद तहसील में पदस्थ कार्यालय सहायक श्री दिनेश कुमार गोस्वामी को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है और सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने का निर्देश जारी किए है। जारी आदेश के अनुसार मंदिर हसौद तहसील कार्यालय में पदस्थ कार्यालय सहायक श्री दिनेश कुमार गोस्वामी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए क्षेत्र में घुम-घुमकर आम आदमी पार्टी के पक्ष में मतदान करने जनता को प्रोत्साहित कर रहे थे। राजनीतिक गतिविधियों में सम्मिलित होकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत पर एसडीएम आरंग ने जांच की थी। जांच में शिकायत सही पाये जाने पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने सिविल सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन पर श्री दिनेश गोस्वामी को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री गोस्वामी को जिला निर्वाचन कार्यालय, सामान्य निर्वाचन शाखा में संलग्न किया गया है।

### निर्वाचन लेखा व्यय में अंतर, जल्द मिलान कराने रिटर्निंग ऑफिसर ने जारी किया पत्र

**रायपुर 11 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान प्रत्याशियों के निर्वाचन लेखा व्यय की जांच लगातार की जा रही है। व्यय प्रेक्षक लगातार प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर नजर रख रहें है। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी महंत रामसुन्दर दास को रिटर्निंग ऑफिसर ने लेखा व्यय मिलान के लिए पत्र जारी किया है। 06 नवम्बर की स्थिति में महंत रामसुन्दर दास प्रस्तुत घोषणा और लेखा व्यय के छाया प्रेक्षण पंजी में परिकलित व्यय में अंतर होने के कारण यह पत्र जारी किया गया है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा शीघ्रता से निर्वाचन संबंधी सभी खर्चों का मिलान कराने का निर्देश प्रत्याशी को दिए है।

### राज्यपाल से रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारियों ने की सौजन्य भेंट



**रायपुर, 11 नवंबर।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में रेडक्रास सोसायटी के सी.ई.ओ श्री एम. के. राउत एवं चेयरमेंन श्री अशोक अग्रवाल ने मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजभवन के चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्री रूपल पुरोहित भी उपस्थित थें।

### चरणदास महंत ने दीपावली पर्व की प्रदेशवासियों को दी बधाई, शुभकामनाएं

**रायपुर, 11 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने दीपावली पर्व पर प्रदेशवासियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। शुभकामना संदेश में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि धनतेरस से लेकर भाई दूज तक चलने वाला ये पांच दिन का पर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति की गौरव-गाथा है। दीपावली का पर्व भारतीय संस्कृति का गौरव है, यह पर्व रोशनी का है और तमस (अंधकार) को दूर करता है इसलिए यह पर्व ज्ञान का प्रकाश पहुंचाने के संकल्प का पर्व भी कहलाता है। डॉ. महंत ने कहा कि दीपावली मनाने की सार्थकता तभी है जब भीतर का अंधकार दूर हो। डॉ. महंत ने ईश्वर से कामना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक नागरिक को सुख, सम्पन्नता और समृद्धि का अपूर्व भण्डार प्राप्त हो तथा दीपावली पर्व समस्त नागरिकों के जीवन में नया सबेरा लेकर आये।

# पॉलिक्लिनिक में मनाया गया धनवंतरि दिवस

## भगवान धनवंतरि देव की हुई पूजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 11 नवंबर।** शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर दंतेवाड़ा के आयुर्वेद विभाग के आयूष पॉलिक्लिनिक में हर्षोल्लास के साथ भगवान धन्वंतरी देव की पूजा अर्चना किया गया। पूजा अर्चना पश्चात उपस्थितजनों को प्रसाद वितरण किया गया।

पांच दिवसीय दीपावली त्योहार की शुरूआत धनतेरस के साथ ही हो जाता है। धनतेरस के दिन ही भगवान धनवंतरी ने अवतार लिया था। हिन्दु धर्म में भगवान धनवंतरी देव को विष्णु का अवतार माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन आयुर्वेद के जनक भगवान धनवंतरी देव की पूजा अर्चना करने से दीर्घ जीवन व आरोग्य का वरदान प्राप्त होता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी धनतेरस के अवसर पर नगर के आयूष पॉलिक्लिनिक अर्थात आयुर्वेद अस्पताल में धनवंतरी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह 11 बजे जिला आयुर्वेद अधिकारी रामेश्वरी पैकरा एवं आयुष पॉलिक्लिनिक प्रभारी डॉ0 यू एल टंडन द्वारा आयुष पॉलिक्लिनिक के हॉल में धनवंतरी देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप धूप जलाकर पूजा अर्चना किया









गया। इस मौके पर आयुष पॉलिक्लिनिक प्रभारी डॉ0 टंडन ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा सबसे पुरानी चिकित्सा पद्धति है। आयुर्वेद चिकित्सा की खोज हमारे महर्षियों की देन है। आयुर्वेद का ही कमाल है कि पहले के लोग 100 साल से भी अधिक जीवन जिया करते थे। आज हम भौतिक सुख सुविधा एवं विज्ञान आधारित पैथी की ओर भाग रहे हैं इसलिए हमारे शरीर की मांसपेशियां, हडिडयां, सब कमजोर होती जा रही है। आयुर्वेद पद्धति से किया गया ईलाज हमेशा कारगर होता है और इसका कोई साईड इफेक्ट भी नहीं पड़ता। आज दुनिया आयुर्वेद का लोहा मान रही है लोग आयुर्वेद के प्रति जागरूक हुए हैं लोगों का रूझान भी आयुर्वेद की ओर बढा है। डॉ0 टंडन ने कहा कि सर्दी खांसी, बुखार जैसे दिक्कतों में हमेशा आयुर्वेद जडी बूटी निर्मित चूर्ण एवं काढ़ा का सेवन करना चाहिए इससे कफ जमता नहीं और सर्दी खांसी बिना परेशानी के ठीक भी हो जाता है। डॉक्टर टंडन ने कहा कि आज चर्म रोग से संबंधित व्यक्ति का ईलाज एलोपेथ में नहीं है जब तक दवाईयां खाते हैं तब तक ही ठीक रहता है जैसे ही दवाईयां छोड़ते हैं रोग और तेजी से फैलने लगता है लेकिन आयुर्वेद में इसका संपूर्ण चिकित्सा मौजुद है और चर्म रोग जैसे जटिल रोगों का सफल चिकित्सा भी आयुर्वेद से हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है ये आयुर्वेद की ताकत है। आयुर्वेद को अपनाईए और अपने जीवन को निरोगी व स्वस्थ्य बनाईए। धनवंतरी देव की पूजा अर्चना कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग के डॉ0 डाली ठाकुर, लिपिक गोविंद यादव, एस के दर्रो, सावित्री बघेल, हेमबती नेताम, सोनू मंडावी, राजंती हपका, सुषमा यादव, सागर यादव, कविता मलिक समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# एनएमडीसी, बचेली में आयुर्वेद दिवस मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 11 नवंबर।** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देश एवं मुख्यालय हैदराबाद के निर्देशानुसार एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला आयरन ओर माइन, बचेली काम्प्लेक्स में दिनांक 10-11-2023 को प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में आयुर्वेद दिवस मनाया गया, जिसमें दन्तेवाड़ा से पधारे आयुर्वेदाचार्य जे पण्डा ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के लाभ के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि आयुर्वेद दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाना हैं।



आयुर्वेद चिकित्सा हमारे महर्षियों की देन है। प्रकृति ने हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए कई अवसर प्रदान किये हैं। हमें अपने दिनचर्या में आहार, विचार आदि के प्रति जागरूक रहते हुए अपना जीवन यापन करना चाहिए । कोरोना काल में आयुर्वेद पद्धति से बने विभिन्न काढ़ा का उपयोग कर हम लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है फलस्वरूप आयुर्वेद पर जनमानस का अपार विश्वास बढ़ा है। पहले के लोग आयुर्वेद चिकित्सा अपनाने के कारण अधिक समय तक जीवन जीते थे। शरीर को प्रकृति के साथ जोड़ते हुए जीने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बी वेन्कटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने अपने उद्बोधन में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की सराहना की और कहा कि यह सबसे प्राचीन पद्धति है, यह हमारे जीवन का विज्ञान है। डॉक्टर बाद में आए, यह हमारी सभ्यता से जुड़ा हुआ है। प्रत्येक दिन इस आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का एक-एक नियम का पालन करने से हम कभी बीमार नहीं होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इस आयोजन को वृहद रुप में किया जाना चाहिए।

श्री धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) ने अपने उद्बोधन में कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा बहुत ही प्राचीन समय से है। इसमें साइड इफेक्ट नहीं होता है। हमारा अच्छा स्वास्थ ही हमारा सबसे बड़ा धन है।

# भाजपा के आरक्षण विरोधी षडयंत्र का छत्तीसगढ़ की जनता देगी जवाब

**रायपुर 11 नवंबर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का मूल चरित्र ही छत्तीसगढ़िया विरोधी है। 15 साल रमन सिंह को अवसर मिला था, छत्तीसगढ़ के बहुसंख्यक आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सहित गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों का भला कर सके। भाजपा नेताओं को 15 साल अवसर था कि छत्तीसगढ़िया संस्कृति और समृद्धि का संरक्षण और संवर्धन करते, लेकिन भाजपाइयों ने स्थानीय छत्तीसगढ़िया जनता की उपेक्षा ही किया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ में सर्व समाज को आरक्षण देने का काम पूरी ईमानदारी से किया है। 76 प्रतिशत वाले नवीन आरक्षण विधेयक में अनुसूचित जनजाति के लिए 32 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 13 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। इसी के साथ ही आर्थिक रूप से कमज़ोर सामान्य वर्ग के लोगों को भी उनकी जनसंख्या के अनुपात में 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। पिछड़ा वर्ग और ईडब्ल्यूएस की जनगणना के लिए क्वांटीफायबल डाटा आयोग का गठन कर प्रमाणिक आंकड़े जुटाए गए। विधि विभाग से परीक्षण के बाद विधानसभा में 2 दिसंबर 2022 को सर्वसम्मति से विधेयक पारित हुआ है जिसमें सभी वर्गों की आबादी के अनुसार निर्णय लिया गया है यह विधेयक यदि कानून का रूप लेता तो हर वर्ग के लोग संतुष्ट होंते। सभी वंचित वर्ग के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने सामाजिक न्याय के फार्मूले को लागू करने का यह विधेयक भूपेश सरकार ने बनाया है। जिसे विगत 11 महीनों से रोकने का सीधा मतलब छत्तीसगढ़ की तीन चौथाई बहुमत का अपमान करना है, छत्तीसगढ़ के ढाई करोड़ आबादी का अपमान करना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि जातिगत जनगणना बहुसंख्यक आबादी के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति की हकीकत जानने के लिए बेहद आवश्यक है, ताकि बहुसंख्यक आबादी के हक, हित और अधिकारों के लिए बेहतर योजना बन सके। संघीय ढांचे के अनुसार देश में आम जनगणना करना केंद्र सरकार का दायित्व है, लेकिन अपनी नाकामी को छुपाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार टाल-मटोल और बहानेबाजी करके अपनी जिम्मेदारियां से भाग रही है। 2011 के बाद से आज तक देश में आम जनगणना नहीं हुई है। यदि 2021 में जनगणना हुआ होता तो नए हितग्राही भी सामने आते जिनको तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ मिल पाता। मोदी सरकार के दुर्भावना और अकर्मण्यता का नुकसान गरीब वर्ग को उठाना पड़ रहा है। कांग्रेस का वादा है कि सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में पृथक से जातिगत जनगणना किया जाएगा ताकि सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का यथार्थ सामने आए और सरकारी योजनाओं में सामाजिक न्याय का बेहतर फार्मूला लागू किया जा सके।

# पिता व दो बेटों के अंतिम संस्कार से पहले मतदान कर दो परिवारों ने निभाई जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दन्तेवाड़ा, 11 नवंबर।** दुख की विकट घड़ी भी दो परिवारों को लोकतंत्र के इस महान पर्व में शामिल होने से नहीं रोक पाए और इन परिवारों ने विषम पारिवारिक दुखद क्षण में भी एक नागरिक और एक आदर्श मतदाता होने का सराहनीय दायित्व निभाया दरअसल 4 नवंबर को जिला अस्पताल में एक मां ने दो बच्चे को जन्म दिया। जिसमें एक बच्चे की मृत्यु जन्मोपरांत हो गई थी

। इसके बाद एक बच्चे की स्थिति को देखते हुए जगदलपुर रेफर किया गया। बच्चा जीवन और मृत्यु के बीच झूल रहा था इसी विकट परिस्थिति में फंसकर भी लोकतंत्र के इस महापर्व में दोनों पति-पत्नी श्री भगवत प्रसाद सलामे, श्रीमती टुकेश्वरी सलामें मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए और मतदान



केंद्र 98 दंतेवाड़ा-2 में अपना मत का प्रयोग किया और वापस लौटकर अपने बच्चों का अंतिम संस्कार किया। वही एक और परिवार ने मतदान दिवस के दिन दुखद घड़ियों में भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस क्रम में जिले के मोहम्मद सोहेल खान एवं मोहम्मद सरफराज खान के परिवार में पिता श्री आई. ए. खान का देहांत जिला अस्पताल दन्तेवाड़ा में दिनांक 04 नवंबर को हो गया था एवं दिनांक 05 नवंबर को अंतिम संस्कार करने के बाद भी 07 नवंबर 2023 दिन मंगलवार को मतदान करने आये। उपरोक्त दोनों परिवारों के परिजनों का धैर्य और मानसिक संबल वास्तव में प्रेरणादायक और अभूतपूर्व है, और इससे अन्य मतदाताओं को भी प्रेरणा मिलेगी। इन दो परिवारों ने कठोर मानसिक आघात के पश्चात भी अपना नागरिक कर्तव्यों का पालन करना नहीं भूला और पहले अपना वोट डाला जिसके कारण चुनाव आयोग ने उसकी विशेष तौर पर सराहना करते हुए ''आभार पत्र'' प्रदान कर आभार व्यक्त किया है।

## समाचार संक्षेप

### रतन दुबे की हत्या की उच्चस्तरीय जांच के लिए भाजपा ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



**नारायणपुर 11 नवंबर।** नारायणपुर विधानसभा चुनाव के दौरान 4 नवंबर को कौशलनार के मुर्गा बाजार में भाजपा प्रत्याशी का प्रचार कर रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष व विधानसभा संयोजक रतन दुबे की अज्ञात लोगो ने निर्मम हत्या कर दी थी । उक्त घटना को लेकर आज जिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की । जिला भाजपा ने कहा कि भाजपा जिला उपाध्यक्ष की हत्या की जांच सभी पहलुओं पर होनी चाहिए , इससे पहले भी छोटेडोंगर के जिला भाजपा उपाध्यक्ष सागर साहू की हत्या हुई थी जिसके आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई और एक भाजपा जिला उपाध्यक्ष रतन दुबे की हत्या कर दी गई है जिसमे कोई बड़ी साजिश करके घटना को अंजाम दिए जाने को आशंका है । वही एएसपी हेमसागर सिदार ने बताया कि मृतक रतन दुबे की हत्या की जांच के लिए बेनूर एसडीओपी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम का गठन किया है जो हर पहलू को लेकर जांच कर रही है प्रथम दृष्ट्या नक्सली घटना प्रतीत हो रहा है ।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र से छत्तीसगढ़ का हर वर्ग लाभान्वित होगा

**रायपुर 11 नवंबर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने इस बार 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र और गारंटियों में किसान गरीब मजदूर आदिवासी युवा, महिला, हर वर्ग के न्याय के लिए घोषणाएं की है। हमारे द्वारा 200 यूनिट तक बिजली मुक्त करने की घोषणा की गई है, जिसका सीधा फायदा छत्तीसगढ़ के 50 लाख परिवारों को मिलेगा। छत्तीसगढ़ में 49 लाख 63 हजार बिजली उपभोक्ता है, जिसमें से 42 लाख उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका बिजली खपत 200 यूनिट से कम है, उनके लिए बिजली पूरी तरह मुक्त हो जाएगी, इसके अलावा अन्य लगभग 8 लाख उपभोक्ताओं को भी 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, उन्हें 200 यूनिट के बाद के अतिरिक्त यूनिट का ही भुगतान करना पड़ेगा। इसका सीधा अर्थ यह है कि छत्तीसगढ़ के 50 लाख बिजली उपभोक्ता को 200 यूनिट तक बिजली बिल मुफ्त मिलेगी।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस जो कहती है, वो करती है. कांग्रेस के लिए जनता से किया गया, प्रत्येक वादा हमारा कमिटमेंट है, पिछले घोषणा पत्र के हमने 98 प्रतिशत वादों को पूरा करके दिखाया। छत्तीसगढ़ की जनता ने हमारी सरकार पर पूरा भरोसा जताया है। लोकतंत्र के महापर्व के पहले चरण के चुनाव में जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ की जनता ने बढ़-चढ़ कर, पूरे उमंग और उत्साह से घंटो लाइन में लगकर भी मतदान किया है इससे यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाता है कि छत्तीसगढ़ की जनता भूपेश सरकार के इन 5 सालों के कामों और लोक कल्याणकारी योजनाओं से पूरी तरह संतुष्ट है। 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत से फिर से सरकार बनाने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के घोषणा पत्र में भी 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ का वादा किया, और हमने यह वादा पूरी तरह निभाया, जिसका सीधा फायदा छत्तीसगढ़ की आम जनता को मिला। छत्तीसगढ़ के 44 लाख बिजली उपभोक्ताओं को 4000 करोड़ का सीधा फायदा बिजली बिल हाफ की इस योजना के माध्यम से मिला। इसके अलावा हमारे कांग्रेस की सरकार 500 रुपए की सब्सिडी के बाद छत्तीसगढ़ में पूरे देश में सबसे सस्ता सिलेंडर 474 रुपए में देने जा रही है।

### खून से लथपथ युवक की मिली लाश, मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**बालोद, 11 नवंबर ।** जिले से सनसनी खेज मामला सामने आया है. एक युवक की बेरहमी से सिर कुचल कर हत्या कर दी गई है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. यह मामला डौंडी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, डौंडी थाना क्षेत्र के अवारी गांव के केवट पारा में खून से लथपथ एक युवक की लाश मिली. ग्रामीणों ने जैसे ही युवक की लाश को देखा फौरन घटना की सूचना पुलिस को दी. पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. शव को देखकर आशंका जताई जा रही है की युवक की हत्या भारी वस्तु से सिर कुचल कर की गई है। बताया जा रहा है कि मृतक भावसिंग गायकवाड़ पिता अक्तु राम 35 डौंडी थाना क्षेत्र के लिम्हाटोला गांव का रहने वाला था. मृतक का शव अवारी गांव के केवट पारा के निवासी फूल सिंग के घर के सामने मिला है।

## पटेल दंपति ने कहा- शादी के मण्डप जैसा लग रहा मतदान केन्द्र

# परिजनों ने एक साथ वोट कर हम साथ-साथ हैं में खिंचाई तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 11 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन के तहत कांकेर जिले के मतदान केंद्रों में मतदाताओं की दंपति और परिजनों को प्रोत्साहित करने ÷हम साथ साथ हैं÷ थीम पर आधारित सेल्फी कॉर्नर बनाए गए थे, जहां पर मतदान के बाद मतदाताओं ने सपरिवार सेल्फी लेकर अपनी खुशी का इजहार किया। कांकेर शहर के माहुरबंद पारा के आदर्श मतदान केन्द्र में सुबह से वोट डालने आए पटेल दंपति ने वोट करने बाद हम साथ साथ हैं÷सेल्फी कॉर्नर में फोटो भी खिंचाई। 74 वर्षीय श्रीमती मीना पटेल ने बताया कि वह इतने सालों से वोट करती आ रही है, लेकिन ऐसी उम्दा व्यवस्था पहली बार दिखी। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथ को ऐसा सजाया गया है जैसे यह शादी का मण्डप हो। उनके पति श्री रामनारायण पटेल ने भी मतदान केन्द्र





की तारीफ करते हुए कहा कि जीवन में पहली बार इतने खुशनुमा माहौल में वोट करने का अवसर मिला। इसी तरह स्थानीय रहवासी श्री राहुल आमाडार





और उनकी पत्नी श्रीमती ममता यादव ने भी मतदान केन्द्र की खूबसूरती देखकर हतप्रभ रह गए। श्रीमती यादव ने बताया कि उनकी शादी हाल ही में हुई है और उन्होंने पहली बार मतदान किया। उन्होंने शरमाते हुए कहा कि मतदान केन्द्र की साज-सज्जा को देखकर उनकी शादी वाला दिन याद आ गया। उनके पति राहुल ने भी आदर्श मतदान केन्द्र की व्यवस्था देखकर काफी खुश हो गए। इसी केन्द्र में पहली बार वोट करने आई दो बहने कुमारी मेघा और वर्षा जैन ने भी मतदान करने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनका मतदान करने का पहला अनुभव काफी सकारात्मक रहा, ऐसी ही सुविधाएं हर बूथ पर होनी चाहिए। इसी तरह बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा कुमारी काजल मण्डावी ने भी आदर्श मतदान केन्द्र माहुरबंदपारा की सजावट देखकर मंत्रमुग्ध हो गई। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे, जहां पर आकर्षक ढ़ंग से साज-सज्जा कर अनेक सुविधाएं विकसित की गई, जिसका परिणाम काफी अनुकूल एवं सकारात्मक रहा।

## एक नजर

### न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा ने की 17 नवंबर को मतदान की अपील



**रायगढ़, 11 नवम्बर।** सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने स्वीप गतिविधियों के तहत वीडियो संदेश के माध्यम से रायगढ़ जिले के सभी मतदाताओं को 17 नवंबर को अपने मताधिकार का उपयोग कर वोटिंग करने की अपील की है। अपने संदेश में उन्होंने सभी मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 17 नवंबर को रायगढ़ जिले में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते ये हमारा सभी का फर्ज है कि हम इस चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस वर्ष भारत निर्वाचन आयोग ने हमारे 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इसके साथ ही आयोग की यह अपेक्षा है कि हमारे सभी युवा मतदाता जो प्रथम बार इस चुनाव में अपने वोट डालेंगे वे सभी मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी करें और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस निर्वाचन में हम सभी 17 नवंबर को वोट डालने जरूर जाएं और एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं।

**मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी: कलेक्टर**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने कहा कि मतदान हमारा



संवैधानिक अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। मतदान लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से आगामी 17 नवंबर को अपने मतदान केंद्र में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे के बीच किसी भी समय जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए मतदान अवश्य करने की अपील की है।

**एसएसपी सदानंद कुमार ने मताधिकार का प्रयोग करने जिलेवासियों से की अपील:** वरिष्ठ



पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने कहा कि निर्वाचन के दौरान पुलिस बल के जवान सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। उन्होंने जिलेवासियों से लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु 17 नवंबर को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की है।

### जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**रायगढ़, 11 नवम्बर।** छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 9 नवंबर 2023 को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला जेल रायगढ़, उप जेल सारंगढ़, विशेष गृह, नई उम्मीद में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग एवं समन्वय से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही जिले एवं तहसील स्थित स्कूल, कालेज में पैरालीगल वालिंटियर्स के माध्यम से विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन भी किया गया। इसी अनुक्रम में जिला जेल रायगढ़ में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अरविन्द कुमार सिन्हा एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ श्री दीपक कुमार कोशले तथा सचिव श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला जेल रायगढ़ का भ्रमण किया गया। जिला न्यायाधीश श्री अरविन्द कुमार सिन्हा के द्वारा बंदियों को यह जानकारी दी कि शिविर का मुख्य उदेश्य यह जानने का प्रयास करना है कि बंदियों को उनके कानूनी अधिकार के अंतर्गत लाभ प्राप्त हो रहा है अथवा नही। बंदियों के लिये लीगल एड डिफेंस कौंसिल की नियुक्ति की गई है। जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नही है उनकी ओर से लीगल एड डिफेंस कौंसिल मामले में पैरवी करेगा तथा जमानत आदि की कार्यवाही करेगा। छोटे अपराधों मे निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में है उन्हे जेल लोक अदालत में अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर रिहा हो सकने की जानकारी दी गई। शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ श्री दीपक कुमार कोशले के द्वारा बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उनके मामले में पैरवी हेतु नि:शुल्क विधिक सेवा पैनल अधिवक्ता नियुक्त करा पाने के अधिकारों के विषय में जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नि:शुल्क विधिक सहायता जिला स्तर पर, उच्च न्यायालय स्तर पर तथा सर्वेच्च न्यायालय स्तर पर प्राप्त करने के बारे में बताया गया। सचिव श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा बंदियो को विधिक सेवा प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दिया गया।

# राजिम विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल तेजी से बदल रहा



- फिंगेश्वर एवं छुरा से सैकड़ों की संख्या में लोगों ने थामा बीजेपी का दामन
- भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने गमछा ओढ़ाकर किया सभी का स्वागत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 11 नवंबर।** राजिम विधानसभा में इन दिनों राजनीतिक हलचल तेज हो गई है यहां से कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक अमितेश शुक्ल चुनाव जीतने ऐड़ी चोटी एक कर सक्रिय हो गए हैं तो वही भाजपा उम्मीदवार एवं वर्तमान जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले फिंगेश्वर में जन आशीर्वाद कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो की संख्या में लोगों को भाजपा में प्रवेश दिलाया गया जिस प्रकार लोगों का भाजपा के प्रति लगाव एवं विश्वास और भाजपा में प्रवेश कर रहे हैं लोगों का कहीं ना कहीं लोग वर्तमान विधायक से नाखुश हैं उनके ही गढ़ में बीजेपी के द्वारा सेंध लगाने में कामयाब होते नजर आ रहा है कुल मिलाकर देखा जाए तो राजनीतिक चुनाव की हवा का रुख तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं वहीं आम जनता के बीच काफी लोकप्रिय जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू छोटे से छोटे समस्या को लेकर चाहे बिजली की समस्या हो या किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की हो या फिर तहसील राजस्व की समस्या हो आम जनता के मुद्दे को लेकर हमेशा जन आंदोलन करने वाले नेता के रूप में जाने एवं पहचाने जाते हैं एक यही वजह हो सकता है लोगों को भाजपा के प्रति सहानुभूति कहीं ना कहीं उनके भाग्य न चमका दें।



## मुख्यमंत्री के आने के पूर्व फिंगेश्वर और छुरा से 130 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर, 11 नवंबर।** शहर के सर्कस ग्राउंड में शनिवार को दोपहर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रचार प्रसार के लिए राजिम पहुंच रहे हैं उनके आने के ठीक एक दिन पूर्व अर्थात शुक्रवार को विकासखंड मुख्यालय फिंगेश्वर में 110 तथा छुरा में 20 लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। इस मौके पर राजिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने गमछा पहनकर प्रवेश कराया।

फिंगेश्वर में जन आशीर्वाद के लिए पहुंचे रोहित साहू के साथ बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद थे लेकिन यहां के लोग भाजपा के रीति और नीति से इतना प्रभावित है कि उन्होंने भाजपा प्रवेश एन चुनाव के समय कर दिया। भाजपा प्रवेश की चर्चा पूरे विधानसभा के साथ ही राजधानी के गलियारों में भी सुनने को मिल रही है। मौके पर उपस्थित भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र में जितने गांव हैं सभी जगह मुझे जन आशीर्वाद मिल रहा है इस बार लोग विश्वास के साथ कह रहे हैं कि हम अपने घर के बेटे को विधायक बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भाजपा की रीति और नीति से प्रभावित होकर इन्होंने भाजपा का दामन थामा है। शीघ्र भाजपा की सरकार बनेगी और राजिम में कमल फूल खिलेगा। इस मौके पर फिंगेश्वर मंडल के अध्यक्ष प्यारेलाल सोनकर, वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, चंद्रशेखर हरित, रामू साहू, महेश यादव, राजू साहू, मनीष हरित, किरण सोनी, छुरा में जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव,नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, सरपंच संघ के अध्यक्ष लेखराम धुर्वा, ऋतुराज, सोमप्रकाश साहू, पीलू राम यादव, रामलाल कुलदीप शाहिद बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। बताना होगा कि राजिम विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक शुक्ला पुनः विधानसभा चुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी एक कर सक्रिय हो गए हैं तो वहीं भाजपा उम्मीदवार एवं वर्तमान जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले फिंगेश्वर एवं छुरा के जन आशीर्वाद कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो की संख्या में भाजपा की सदस्यता दिलाई है इस प्रकार लोगों का भाजपा के प्रति लगाव और विश्वास कहीं ना कहीं वर्तमान विधायक से नाखुश होने की बात को सिद्ध करते हैं और कांग्रेस को उनके गढ़ में बीजेपी के द्वारा सेंध लगाने में कामयाब होते नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो राजनीतिक चुनाव की हवा का रुख तेजी से बदल रहे हैं।

## विरोधी दलों पर भारी पड़ रही प्रकाश नायक की सक्रियता, कांग्रेस को जीत दिलाने की अपील

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 नवम्बर।** प्रदेश की जनता ने भाजपा से 15 वर्षो तक धोखा खाया है। भाजपा धान के कीमत बढ़ाने को बात तो करती रही। लेकिन 15 वर्षो में कभी अपने इस वायदे को पूरा करने की जहमत नहीं उठाई। उक्त बाते विधायक प्रकाश नायक द्वारा पुसौर क्षेत्र में विभिन्न ग्रामों में सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान कही गई। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हमेशा से ही अपने वायदे पर कायम रही है। जिसने अपने वायदे मुताबिक किसानों की उन्नति के लिए न केवल धान के दामों में वृद्धि की। बल्कि उनका कर्जा भी माफ किया है। एक बार फिर प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में कर्ज माफी और धान की कीमत 32 सौ रुपए प्रति क्विंटल देने का वायदा किया है।जिसे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही पूरा किया जाएगा। यही नहीं महिला स्वसहायता समूहों की बहनों को भी आगे बढ़ाने उनका कर्जा माफहोगा। साथ ही साथ बी पी एल श्रेणी के लिए 10 लाख एवं, ए पी एल श्रेणी के लिए 5 लाख रुपए तक उपचार की व्यवस्था होगी। केंद्र की भाजपा सरकार





द्वारा माताओं बहनों के बढ़ाए गए रसोई के भार को कम करने गैस सिलेंडर पर 5 सौ रुपए की सब्सिडी प्रदान की जाएगी।शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के जी से पी जी की शिक्षा मुफ्त होगी।जिस से निम्न और मध्यम वर्ग भी अपने बच्चो को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा सकेंगे।प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने जो कहा है उसे पूरा किया है।इसीलिए प्रदेश की जनता को कांग्रेस पर भरोसा है।और प्रदेश की जनता एक बार फिर रायगढ़ सहित पूरे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को जीत दिलाने उसका हाथ मजबूत करेगी। कांग्रेस को मजबूत बनाने विधायक नजर आ रहे दृढ़ संकल्पितण् गौरतलब हो कि विधायक प्रकाश नायक जनसंपर्क अभियान में रायगढ़ विधानसभा के सभी ग्रामों में पहुंच अपने द्वारा किए गए विकास कार्यों के साथ ही साथ बीते 5 वर्षो में प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा गांव, गरीब, किसान, सियान, महिलाओ सहित हर वर्ग के लिए की गई उपलब्धियों की जानकारी प्रदान करते हुए कांग्रेस को जीत दिलाने जूटे हुए है। जिसमे उन्हे पूर्णतया सफलता मिलती नजर आ रही है।इसका कारण पूर्वांचलएसरिया क्षेत्र सहित अन्य ग्रामीण अंचलों से लगातार युवाओं का कांग्रेस में जुड़ाव है।जो न केवल कांग्रेस की टीम को सभी क्षेत्रों में विरोधियों से मजबूत बना रहा है।बल्कि विरोधियों की परेशानी भी बढ़ा रही है।इसी तारतम्य में उन्होंने पुसौर अंचल के ग्रामछपोरा, आरमुड़ा, बोडाझरिया, कांदागढ़, झिलगीटार, लोहाखान, कठानी, मोहलाई, बासनपाली, देवलसुर्रा, दर्रीपारा, तडोला में घर घर पहुंचकर लोगो से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने अपील की।जिसमे उनके आगमन पर उत्साहित ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों, फूल मालाओं के साथ आतिशी स्वागत करते हुए दीपावली के पूर्व ही पुसौर क्षेत्र में दीपावली सा माहौल निर्मित करने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

### कारखानों एवं स्थापनाओं में 17 नवम्बर मतदान के दिन सवेतन अवकाश घोषित

**रायगढ़, 11 नवम्बर।** निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को संपन्न कराने के लिए 17 नवम्बर 2023 को मतदान कराया जा रहा है। इस संबंध में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1953 के अंतर्गत आने वाले कारखानों/स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक/कर्मचारियों को लिए मतदान के दिन अर्थात 17 नवम्बर 2023 शुक्रवार को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सवेतन अवकाश घोषित किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश एवं तेंलगाना राज्य के विधानसभा आम निर्वाचन-2023 हेतु क्रमशः मतदान तिथि 17 नवम्बर एवं 30 नवम्बर को नियत है।

## सुनील रामदास ने की राष्ट्र हित में मतदान करने की अपील मतदान की अहमियत पर जोर

**रायगढ़, 11 नवम्बर।** रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जाने.माने राजनीतिक और सामाजिक नेता सुनील रामदास ने स्थानीय मतदाताओं से राष्ट्रहित में मतदान करने की महत्वपूर्ण अपील की है। उनका मानना है कि सजग और सोच-समझकर मतदान करने से ही वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना संभव है। वोट का महत्व सुनील रामदास ने जोर देकर कहा कि हर एक वोट महत्वपूर्ण है।



उन्होंने इतिहास की घटनाओं का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे चुनावों में मामूली वोटों के अंतर से भी जीत और हार का निर्णय हो चुका है। उनका मानना है कि जागरूक मतदान से ही राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होता है।उन्होंने स्पष्ट किया है कि समझदारी से किया गया मतदान समाज और देश के भविष्य को आकार देता है। इस प्रक्रिया में हर नागरिक का योगदान निर्णायक होता है। बढ़ती जागरूकता और आगे का मार्ग पिछले कुछ वर्षों में मतदान जागरूकता में वृद्धि हुई है, परंतु सुनील रामदास का कहना है कि अभी भी इस दिशा में बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और सक्रिय रूप से इसमें भाग लें।मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश सुनील रामदास ने विशेषकर युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए मतदान की प्रक्रिया को गंभीरता से लेने की अपील की। उनका मानना है कि युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी ही देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती प्रदान करेगी। सुनील रामदास ने मतदाताओं से विनम्रतापूर्वक आग्रह किया है कि वे मतदान के महत्व को समझें और समाज में सक्रिय भागीदारी करें तथा राष्ट्र की प्रगति में योगदान करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वोट से राष्ट्र की दिशा और दशा तय होती है।

## सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दीपावली पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**पत्थलगांव, 11 नवंबर।** दिन शुक्रवार को सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शालेय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए दीपावली रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता स्कूल का वार्षिक उद्देश्य फॉमिंग ऐण्ड एजूकेटिंग एजेंट्स ऑफ चेंज पर आधारित था,इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बच्चों के द्वारा रंगोली बनाया गया,जिसमे निर्वाचन (लोकतंत्रत्मकता, मानवता) नारी सशक्तिकरण, देशभक्ति, पेड़ बचाओ जीवन बचाओ, लोक कला का महत्व, राष्ट्रीय पक्षी, दीपावली दिया से सुसज्जित हमारा स्कूल,दीपावली दिया, दीपावली से संबंधित रंगोली, दिया इत्यादि। इस रंगोली प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने भव्य एवं सृजनात्मक रंगोली बनाया। विद्यार्थियों के इस रंगोली प्रतियोगिता के मूल्यांकनकर्त्ता फा.वीरेन्द्र खलखो,बेरनट



लकड़ा, शिक्षिका प्रियंका पन्ना,अंशु मिंज,रश्मि केरकेट्टा रहे। इस रंगोली प्रतियोगिता में स्कूल के प्राचार्य फा. सुनील खलखो,उपप्राचार्य फा.सिलास टोप्पो एवं स्कूल परिवार के शिक्षकवृन्द ने बच्चों के कक्षावार आकर्षक, मनमोहक एवं सृजनात्मक रंगोली को देखकर बच्चों के गुणों, क्षमताओं और उनके कलात्मकता की अत्यंत सराहना करी। उनका कहना था कि आज के बच्चों में हुनर की कमी नहीं, बस उन्हें प्रोत्साहन और अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। दीपावली प्रकाश का त्यौहार है,जो जीवन को प्रकाशमय बनाता है। जीवन में छाए हुए अंधेरों को दूर भगाने के लिए प्रेरित करता है, सभी बच्चों ने सुन्दर रंगोली द्वारा पूरे भारत वासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी,अन्त में सभी विद्यार्थियों ने रंगोली का खूब आनन्द लिया और इसके विभिन्न प्रेरणाओं का संदेश लिया,स्कूल परिवार की ओर से दीपावली छुट्टी की घोषणा करी एवं सभी बच्चो को सुरक्षित दीपावली का पर्व मनाने को कहा।

## समाचार संक्षेप

### 17 नवम्बर को मतदान हेतु सभी को करें प्रोत्साहित:कलेक्टर



**रायगढ़, 11 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आज जनपद पंचायत रायगढ़ में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की। इस मौके पर कलेक्टर श्री गोयल ने दीप प्रज्जवलित कर अपने आसपास के लोगों को भी मतदान हेतु प्रोत्साहित करने को कहा और सभी को मतदान हेतु शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु विविध प्रकार के मतदाता जागरूकता का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत रायगढ़ में दीप प्रज्जवलित किया गया। जिसमें दीपों के माध्यम से 17 नवम्बर को मतदान अवश्य करने हेतु अपील की गई। साथ ही मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली भी बनायी गयी थी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, सीईओ जनपद पंचायत रायगढ़ श्री राजेश साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम**-कलेक्टर श्री गोयल के निर्देश पर आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान हेतु जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण महिलाएं भी इन कार्यक्रमों में रूचि दिखा रही है और बढ़ चढ़कर जागरूकता अभियान में शामिल हो रही है। जिले के बघनपुर, खैरपुर, कांशीचुआं, महलोई, बुढ़िया, देवगांव, बनई, बिजना, गारे, हमीरपुर, राबो, खम्हरिया, बासनपाली, गोढ़ी, खरसिया, डारआमा, भुईकुर्री सहित अन्य ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदान के लिए जन जागरूकता रैली, रंगोली, शपथ जैसे विभिन्न आयोजन किया गया। महिलाएं अपने गांवों में बैनर लेकर रैली निकाली एवं सभी को मतदान हेतु प्रोत्साहित किया।

### 199 बुजुर्ग-दिव्यांग मतदाताओं ने किया घर में मतदान

**रायगढ़, 11 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनके निवास स्थल पर मतदान करने हेतु सुविधा प्रदान की गई थी। जिसके तहत जिले के चारों विधान सभाओं से कुल 199 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनके निवास स्थल पर मतदान करने हेतु प्रारूप 12 घ में आवेदन कराया गया था। ऐसे सभी मतदाताओं के निवास स्थल पर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु जिले में 15 मतदान दल का गठन किया गया। दल में 2 मतदान अधिकारी, एक माईक्रो-आब्जर्वर, एक वीडियोग्राफर तथा सुरक्षा बल शामिल थे। साथ ही सभी अभ्यर्थी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूचना प्रदान की गई थी। जिसके अनुसार यह सभी दल निर्धारित समय अनुसार 8 एवं 9 नवम्बर को संबंधित मतदाता के निवास स्थल पर पहुंचकर डाक मतपत्र के माध्यम से विधिवत मतदान की कार्यवाही संपन्न कराया गया।

### डाक-कूरियर पर भी है नजर, कूरियर संचालक बल्क में सामग्री आने पर दें सूचना:अपर कलेक्टर पाण्डेय

**रायगढ़, 11 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के मद्देनजर मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से कुरियर, डाकघर के माध्यम से नगद राशि, अवैध वस्तुओं के आवाजाही की आशंका को देखते हुए आज अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शहर के समस्त कुरियर सर्विस संचालकों एवं डाकघर प्रबंधकों की बैठक ली। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाण्डेय ने कहा कि आगामी निर्वाचन को प्रलोभन मुक्त संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा फ्लाइंग स्क्वाड टीम, स्थैतिक निगरानी टीम कार्य कर रही हैं, लेकिन मतदाताओं को प्रलोभित करने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशन, होटल, फॉर्म हाउस, वित्तीय दलाल, नगद कुरियर एवं अन्य संदिग्ध एजेंसियों एवं व्यक्ति द्वारा चुनाव प्रक्रिया के दौरान अत्यधिक मात्रा में नगदी सामग्री की आवाजाही हेतु कुरियर सर्विस एवं डाकघर का उपयोग करने की आशंका है। इसके लिए सभी कुरियर सर्विस एवं डाकघर में किसी एक व्यक्ति के लिए बल्क में आने वाली संदिग्ध वस्तुओं पर नजर रखते हुए जिला प्रशासन को जानकारी प्रदान करें। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित समस्त कुरियर सर्विस संचालकों से प्रतिदिन की आवक-पार्सल की जानकारी ली।

ईपिक कार्ड वितरण की ली जानकारी-बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाण्डेय ने डाकघर प्रबंधक से नए एवं संशोधित ईपिक कार्ड के वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डाकघर को भेजे गए सभी ईपिक कार्ड का मतदान से पूर्व वितरण सुनिश्चित करें, इसके साथ ही जो ईपिक कार्ड वितरित नहीं हुए हैं, उनकी जानकारी तत्काल उपलब्ध करवाए ताकि बीएलओ के माध्यम से उन ईपिक कार्ड को वितरित किया जा सके।

### निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी डाकमत पत्र के माध्यम से सुविधा केन्द्र में कर सकते हैं मतदान

**रायगढ़, 11 नवम्बर।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत ऐसे रायगढ़ जिले के चारों विधान सभाओं के ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिनके द्वारा प्रारूप 12 में आवेदन किया गया है और अन्य जिलों में पदस्थ है या जिनकी अन्य जिलों में लगी हुई है, उनके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ द्वारा सुविधा केन्द्र में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु तिथि एवं समय निर्धारित की गई है। जिले के ऐसे सभी अधिकारी-कर्मचारी, माइक्रो आब्जर्वर, वाहन चालक, कंडक्टर, क्लीनर, आवश्यक सेवाओं बिजली एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में संलग्न कर्मचारी 11, 14, 15 एवं 16 नवम्बर 2023 को प्रथम तल सृजन मीटिंग हॉल, कलेक्टोरेट परिसर जिला-रायगढ़ में प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक उपस्थित होकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते है। इसी प्रकार पुलिस एवं सुरक्षा बलों के सदस्यों हेतु पुलिस कंट्रोल रूम, थाना चक्रधर नगर परिसर रायगढ़ में सुविधा केंद्र बनाया गया है। संबंधित अधिकारी-कर्मचारी संचालित सुविधा केन्द्र में निर्वाचन ड्यूटी आदेश अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित निर्वाचन ड्यूटी की सूची एवं वोटर आईडी कार्ड के साथ उपस्थित होकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते है।

## एक नजर

### फ्लैश मॉब डांस के जरिए मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

**कोरबा, 11 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार के दिशा- निर्देशन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा महानगरों की तर्ज पर फ्लैश मॉब डांस के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाता जागरूकता के तहत इस आयोजन में स्काउट्स-गाइड्स के कैडेट्स ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा जिले में नियमित रूप से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरबा नगर के मुख्य मार्ग स्थित पॉम मॉल के सामने फ्लैश मॉब डांस का आयोजन किया गया। फ्लैश मॉब डांस के जरिए छत्तीसगढ़ी सहित अन्य राज्यों की कला-संस्कृति की प्रस्तुति की गई। स्काउट गाइड्स के कैडेट्स द्वारा मतदान के लिए प्रेरित करने वाले गाने पर सामूहिक नृत्य प्रदर्शन कर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के आकर्षक फ्लैश मॉब डांस ने नगर वासियों को विशेष प्रभावित किया। बड़ी संख्या में शहरवासियों ने नृत्य का आनंद लिया। इसी प्रकार आगामी 15 नवम्बर को भी जिले के अनेक स्थानों में फ्लैश मॉब डांस की प्रस्तुति की जाएगी।

### कलेक्टर ने दो बदमाशों को किया जिला बदर

**बिलासपुर-रायपुर, 11 नवंबर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों और पुराने फरार वारंटियों की धरपकड़ तेज कर दी गई है। इसक अलावा आदतन बदमाशों को जिला बदर किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर के दो अपराधियों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। सूत्रों ने बताया कि शहर से दो अपराधी नूतन और कृष्णा को 6 महीने के लिए पुलिस ने जिला बदर कर दिया है. नूतन पर 7 और कृष्णा पर 12 मामलों में अलग-अलग थानों में केस दर्ज है. एसपी संतोष कुमार के प्रतिवेदन पर कलेक्टर ने अब तक 6 बदमाशों को जिला बदर किया है. दो बदमाशों पर रासुका के तहत कार्रवाई की गई है.बता दें शांतिपूर्ण चुनाव निपटाने के लिए पुलिस लगातार बदमाशों पर प्रदेश भर में कार्रवाई कर रही है. गुरुवार को ही धमतरी में कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने 4 बदमाशों को जिलाबदर किया. छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी चिंतामणी यादव, मनोज नगारची, वागीस यादव और संजय साहू को एक साल के लिए जिलाबदर किया गया है. इसके अलावा बालोद, रायपुर, कांकेर, गरियाबंद और दुर्ग जिले से भी जिला बदर का आदेश जारी किया जा चुका है।

### 80 प्लस वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर किया मतदान

**कोरबा, 11 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार कटघोरा एवं कोरबा विधानसभा क्षेत्र के 80 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं में मतदान दलों की उपस्थिति में घर पर भी मतदान करके लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दी। कोरबा विधानसभा अंतर्गत खरमोरा की 92 वर्षीय वृद्धा श्रीमती फूलकुंवर ने घर में ही अपना वोट डाक मतपत्र के जरिए डाला। निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा पाकर फूलकुंवर ने बहुत ही खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद दिया। इसी प्रकार कोसाबाड़ी निवासी शकुंतला और नीम चैक बस्ती निवासी शीतलमती 90 वर्ष ने भी प्रसन्नता के साथ वोट देकर लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इसी तरह कोरबा विधानसभा अंतर्गत दिव्यांग मतदाता श्री शिवकुमार प्रजापति और कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ नागरिक श्री महावीर अग्रवाल 88 वर्ष ने घर बैठे मतदान दलों की सहायता से मतदान किया। इस दौरान दिव्यांग मतदाता श्री शिवकुमार ने बताया कि उन्होंने होम वोटिंग के लिए अपनी सहमति पत्र दिया था। घर पर मतदान की सुविधा मिल जाने से उनकी भागीदारी लोकतंत्र के महापर्व में सुनिश्चित हो गई है। वरिष्ठ नागरिक श्री महावीर अग्रवाल ने कहा कि पहले वे मतदान केंद्र में जाकर वोट डालते रहे हैं। उम्र अधिक होने की वजह से मतदान केंद्र में जाना एक चुनौती के समान हो गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर बैठे मतदान की सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने से आज वे वोट डालने में समर्थ हुए हैं।

# सीएम की घोषणाः राशन, बिजली, इलाज व शिक्षा फ्री

## भाजपा के 21 कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस प्रवेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 11 नवम्बर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज सिमगा में कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव के समर्थन में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए भाटपारा विधानसभा से कांग्रेस का विधायक बनाने की अपील किया। उन्होंने ने विशाल जनसमूह के सामने हुंकार भरते हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए पुनः सरकार बनने पर लागू करने की बात कही।

मुख्यमंत्री बघेल ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के प्रमुख योजनाएं जिसमें राशन, 200 यूनिट प्रतिमाह निशुल्क बिजली, ईलाज एवं केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा सहित 3200 सौ में धान खरीदी, गैस सिलेंडर में 500 सब्सिडी, एवं कर्जा माफकरने की बात कही। मुख्यमंत्री ने गरीब परिवार के लिए अंतिम संस्कार के लिए 2000 रूपये देने की घोषणा की। वहीं उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र की कोई गारेंटी नहीं है क्योंकि उनकी सरकार में उन्होंने अपने घोषणाओं को पुरा नहीं किया तो अब क्या करेंगे। मुख्यमंत्री ने आमसभा के पूर्व जोड़ा जैतखाम में पालो चढ़ाकर पूजा अर्चना किया। वहीं सिमगा सोनकर समाज से भाजपा के पूर्व एल्डरमैन शांतनु सोनकर सहित 19 कार्यकर्ताओं एवं भाटपारा के पांच बार के पार्षद प्रदीप शर्मा एवं भाजपा के शहर मंत्री राजा शर्मा को मुख्यमंत्री ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश कराया उक्त अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव धरसींवा विधायक अनीता शर्मा पूर्व विधायक चैतराम साहू नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर सुशील शर्मा सुनील महेश्वरी सतीश अग्रवाल अरूण ताम्रकार हितेंद्र ठाकुर रामबिलास साहू शैली भाटिया कुबेर यदु अय्यूब खान रिंकू भाटिया दीनबंधु शर्मा हिरेद्र कोसले रवि साहू धरमचंद जैन दशरथ चंद्राकर है।

### किसान नेता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत



सिमगा क्षेत्र के किसान नेता अय्यूब मेमन के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरूष कांग्रेस का झंडा लेकर आजाद चौक से मेन रोड होते हुए बिलासपुर रोड स्थित भव्य रैली के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया गया। आम सभा से पूर्व किसान नेता ने मंच से संबोधित करते हुए भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पीछले पांच वर्षों किए गए वादों को पूरा नहीं किया वे मात्र जुमलेबाज प्रधानमंत्री है। लोग उनकी घोषणाओं पर विश्वास ना करें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार भरोसे की सरकार है वह जो कहते हैं उसे पूरा कर के दिखाते हैं उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। तथा भारी मतों से जिताने का आह्वान किया।

### पार्षद प्रदीप शर्मा ने कांग्रेस प्रवेश किया



**भाटापारा, 11 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चुनावी सभा मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी मे चार बार के भाजपा पार्षद प्रदीप शर्मा एवं राजा शर्मा ने कांग्रेस प्रवेश किया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत कर कांग्रेस प्रवेश कराया इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी इन्द्र साव, मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल, सुनील माहेश्वरी पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा, सुरेश वर्मा, राधेश्याम शर्मा, दिवाकर मिश्रा, उत्तम साहू, अय्यूब बाटिया के अलावा बडी संख्या मे कांग्रेस जन मौजूद रहे। इस दौरान मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा भाटापारा विधानसभा मे कांग्रेस जीत रही है और शर्मा बंधुओं के आने के बाद कांग्रेस को न ई दिशा मिलेगी शर्मा ने आगे कहा सिमगा की सभा मे हजारो लोगो की मौजूदगी भूपेश सरकार पर शत प्रतिशत भरोसा हो गया है। ज्ञात हो कि भाजपा पार्षद प्रदीप शर्मा जो कि मौजूदा कांग्रेस प्रत्याशी इन्द्र साव के साथ पालिका पार्षद रह चुके है और अब भाजपा छोडकर कांग्रेस प्रवेश किया।

# आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश को नोटिस

## रिटर्निंग आफिसर ने 24 घंटे में मांगा जवाब

**बिलासपुर, 11 नवंबर।** विधानसभा चुनाव के लिए लागू आचरण संहिता के उल्लंघन के मामले में बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश पाण्डेय को नोटिस जारी किया गया है. रिटर्निंग अफसर सुभाष सिंह राज ने शैलेश से 24 घंटे के भीतर जवाब तलब किया है। रिटर्निंग अफसर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है. प्राप्त शिकायत पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश पाण्डे ने विधानसभा क्षेत्र के मंदिर चौक से सिंधी कालोनी रोड, भक्त कंवर राम रोड, मुख्य मार्ग एवं अयोध्या नगर ( चर्च गली), डॉ. घाटगे नर्सिंग होम, सिंधी कालोनी बिलासपुर में बिजली के खंभों में बैनर पोस्टर लगाया है. मेन रोड पर बैनर पोस्टर से प्रवेश द्वार भी बनाया गया है, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन है.

आयुक्त नगर निगम बिलासपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उक्त शिकायत की पुष्टि भी हो रही है. उनका यह कृत्य आदर्श आचार संहिता एवं छग संपत्ति विरूपण अधिनियम 1994 का उल्लंघन है, इसलिए प्रत्याशी शैलेश पांडेय को निर्देशित किया गया है कि सार्वजनिक संपत्तियों पर किए गए विरूपणों को तत्काल हटाना सुनिश्चित करें. इस संबंध में अपना स्पष्टिकरण नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत करें. बैनर-पोस्टर नहीं हटाने अथवा स्पष्टिकरण प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### सैकड़ों महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता, कांग्रेस में हड़कंप

**कोरबा, 11 नवंबर।** बेमइ बसाहट क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली है।ठीक विधानसभा चुनाव के बीच ली गई भाजपा की सदस्यता से कांग्रेसजनों में हड़कम्प मच गया है। दरअसल भारतीय जनता पार्टी के कोरबा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी लखनलाल देवांगन सीएसईबी क्षेत्र में जनसंपर्क के लिए पहुंचे थे। वह कॉलोनी के निवासियों से समर्थन की अपील कर रहे थे। जनसम्पर्क के दरम्यान लखनलाल देवांगन के महापौर रहते हुए बेमइ सहित कोरबा में किए गए विकास कार्यों से प्रभावित सैकड़ो महिलाओं ने भाजपा की रीति नीति पर निष्ठा व्यक्त करते हुए भाजपा में प्रवेश ले लिया। भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाली सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए उन्हें सम्बोधित भी किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक के लिए सोचती और काम करती है। इसी वजह से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में आज देश तेजी के साथ विकास कर रहा है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ तथा कोरबा के विकास के लिए भाजपा को विजयी बनाना है।

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरा, 11 नवम्बर।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत नगर पंचायत के निर्देशन में विभिन्न विद्यालयों द्वारा जागरूकता रैली गई जिसमे शासकीय गजानंद प्रसाद देवांगन विद्यालय के द्वारा विद्यालय प्रांगण से बजरंग चौक होते हुए स्वर्ण जयंती चौक, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा मिनी स्टेडियम, बस स्टैंड होते हुए स्वर्ण जयंती चौक इसी तरह सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा बाजार चौक, सदर नगर पंचायत होते हुए स्वर्ण जयंती चौक पहुंचे जहां उन्हें मिथलेश सिन्हा द्वारा उपस्थित जनों को शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य नगर निगम अधिकारी लालसिंह मरकाम ने कहा कि हमे निर्भीक होकर धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें। तथा अपने परिवार जनों को भी क्षेत्रांतर्गत समस्त मतदान केन्द्रों में शत्-प्रतिशत् मतदान कराये जाने आम नागरिकों को प्रेरित किए एवं आह्वान किया। कार्यक्रम रामाधार यादव, विरेंद्र ठाकुर, कृष्ण कुमार वैष्णव, नामेश साहू, धनेश्वर नाग, कमलेश्वर सिन्हा, मिथलेश सिन्हा, मनोज दुबे, दीपक साहू, परमेश्वर सिन्हा, चैतु, दानेश्वर, मेघराज, रेखा प्रधान, नेहा जायसवाल, केशव प्रसाद साहू, परागा ध्रुव, हरीश शर्मा, सीताचरण नेताम, एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**जनसम्पर्क**



**सिमगा, 11 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा ने सिमगा के ग्रामीण क्षेत्रों में अपने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गांव गांव में घूम-घूम जनसंपर्क कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी शर्मा ने कहा कि मैंने बिना भेदभाव के अपने क्षेत्र में विकास के कार्य कराए हैं उसके दाम पर ही मैं अपने पक्ष में वोट मांग रहा हूं। बैकोनी, मुसवा, नवागांव, हरिनभट्ठा, खैरघट, माढंर बनसांकरा, चंदेरी, धोबनी, किरवई आदि गांवों में भाजपा प्रत्याशी ने भ्रमण किया।

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए प्रेक्षकों के मोबाइल पर किया जा सकता है संपर्क

**कोरबा, 11 नवंबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत रामपुर और कोरबा विधानसभा हेतु प्रेक्षक श्री प्रियतु मंडल (आईएएस), मो.नं. 7587016645 से आम नागरिक प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक कावेरी भवन गेस्ट हाउस, कटघोरा और पाली-तानाखार हेतु प्रेक्षक श्री सी. के. जमातिया.(आईएएस), मो.नं. 7587016646 से आम नागरिकगण प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में मिलकर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।. इसी तरह व्यय आब्जर्वर श्री ओ.एन.हरिप्रसाद राव (आईआरएस) मो.नं. 7587016535 और पुलिस आब्जर्वर श्री सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी (आईपीएस) मो.नं. 7587016647 से सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

### पटाखा फोड़ने 2 घंटे की अवधि निर्धारित

# सीरीज वाले पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग और निर्माण पर प्रतिबंध



**कोरबा , 11 नवंबर।** जिले में दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा क्रिसमस एवं नव वर्ष के अवसर पर केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित करने कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने परिपत्र जारी किया है। इन पर्वों में अलग-अलग समय में पटाखों को फोड़ने की अवधि 2 घंटे निर्धारित किया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि जिले में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित किया जाए। पटाखे फोड़ने के लिए दीपावली में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक, गुरु पर्व में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक और नववर्ष-क्रिसमस में रात्रि 11.55 बजे से रात्रि 12.30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, आयुक्त, नगर पालिक निगम, सिटी मजिस्ट्रेट को परिपत्र जारी कर उच्चतम न्यायालय एवं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

परिपत्र में कहा गया है कि कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाईसेंस्ड ट्रेडर्स द्वारा की जा सकेगी। केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिये बाजार में बेचा जा सकेगा, जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। पटाखे के ऐसे निर्माताओं का लाईसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिये गये है, जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। ऑनलाईन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाईटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगा।

### पदक विजेताओं को सम्मान की घोषणा स्पर्धा पूर्व क्यों नहीं की जाती?

jasclaudius@gmail.com

# छत्तीसगढ़िया के मुंह का निवाला ले गये उत्तराखंडी

✍ जसवंत क्लाडियस, तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गोवा में भले ही औपचारिक रूप से 26 अक्टूबर 2023 से 9 नवम्बर तक खेले गये परंतु वास्तव में 37वां राष्ट्रीय खेल 19 नवंबर से शुरू हो गया था। इसमें 43 खेलों के मुकाबले हुए जिसके लिए कुल 35 राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ सर्विसेज के करीब दस हजार से अधिक महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खिलाड़ियों के बीच 555 स्वर्ण, 546 रजत तथा 779 कांस्य पदक बांटे गये। सिर्फ लद्दाख और मेघालय की टीम ने कोई पदक नहीं जीता। 37वें राष्ट्रीय खेल में शामिल युवक व युवतियों ने आने वाले कल के लिए अगली पीढ़ी में जोश भर दिया। सबसे महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय तथ्य यह है कि सभी 43 मैच का सीधा प्रसारण प्रसार भारती के द्वारा डीडी स्पोर्ट्स, यू-ट्यूब और सोशल मीडिया द्वारा किया गया। इसका श्रेय भारतीय ओलंपिक संघ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खेल विभाग, खेलमंत्री अनुराग ठाकुर, भारतीय खेल प्राधिकरण और गोवा सरकार को जाता है। 22 दिन तक चले इस खेल आयोजन में खेल सामग्री, खेल अधोसंरचना, आवास, परिवहन, भोजन के व्यवस्था की जितनी तारीफ की जाए कम है। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों ने अपनी-अपनी भूमिका से सभी दर्शकों, अतिथियों, खेलप्रेमियों का दिल जीत लिया। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 20 पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि अगर उन्हें और अधिक सुविधा दी जाए तो वे इससे भी अधिक पदक छत्तीसगढ़ की झोली में ला सकते हैं। हमारे प्रदेश में खेलकूद गतिविधियों के संचालन के लिए प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ शासन का खेल विभाग जिम्मेदार है। यह सच है कि 37वें राष्ट्रीय खेलों में हमारे जांबाज खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 20 पदक जीते हैं। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के अन्य क्षेत्रों से खेलने के कारण पदकों की संख्या 25 तक पहुंच जाती है। हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों की 37वें राष्ट्रीय खेलों में उपलब्धि पदक प्राप्त प्रतिभागियों, उस खेल संघ के पदाधिकारियों तथा पदक जीतने वाले अभिभावकों से पूछताछ करने से दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। शासन के खेल विभाग ने 36वें गुजरात, 37वें गोवा में सम्पन्न राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए किस तरह तैयारी की। उनका रोडमैप क्या था? खिलाड़ियों को क्या-क्या सुविधा पदक जीतने के लिए दी गई? अगर इन बातों की जांच स्वतंत्र एजेंसी द्वारा करा ली जाए तो सच्चाई सामने आ जायेगी। अनेक खिलाड़ियों, अभिभावकों, निर्णायकों, खेल संघ के पदाधिकारियों ने 36वें, 37वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के लिए अपने खिलाड़ियों की आर्थिक आवश्यकता को दूसरों से मदद लेकर पूरा किया। दुर्भाग्य की बात यह है जब ये खिलाड़ी ऐसी प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने के लिए जाते हैं तो उनके द्वारा पदक जीतने पर क्या ईनाम राशि दी जायेगी इसकी घोषणा तक नहीं की जाती। जीतकर आने के बाद उन्हें राशि दी जाती है वह तो प्रत्येक खिलाड़ी का अधिकार है। उड़ीसा जैसे प्रदेश के प्रत्येक खिलाड़ी को स्वर्ण जीतने पर 5 लाख, रजत पर तीन लाख, कांस्य पर एक लाख देने की घोषणा पहले ही कर दी गई थी। इसके साथ भुवनेश्वर से गोवा तक हवाई यात्रा तथा प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 30 हजार रुपये खेल में भाग लेने के दौरान जेब खर्च हेतु दिये गये थे। ओडिशा के प्रतिभागियों ने 10 स्वर्ण, 18 रजत, 30 कांस्य सहित 58 पदक जीते। सचमुच प्रदेश में खेल का स्तर ऊंचा उठाना है तो यह सब उपाय करना होगा भारतीय ओलंपिक संघ ने रही सही कसर छत्तीसगढ़ में खेलकूद की रणनीति बनाने वालों के लिए यह घोषणा करके पूरी कर दी कि 38वां राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में होंगे? 2012 से छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए कतारबद्ध है और बाकायदा 2 करोड़ रुपये उसी समय जमा किया गया है परंतु अफसोस सत्ता के खींचतान में किसी को हमारे युवाओं के प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं है।

## नंदनवन पक्षी विहार में नर शुतुरमुर्ग व चूजे की मौत

**रायपुर, 11 नवंबर।** नंदनवन पक्षी विहार में अफ्रीका के जंगलों में दौड़ने वाले शुतुरमुर्ग के जोड़े का कुनबा बढ़ा तो, लेकिन लगातार दो शुतुरमुर्ग की मौत होने से अब नंदनवन में फिर से संकट आ गया है। नंदनवन पक्षी विभाग के अधिकारियों के अनुसार सितंबर में व्यस्क शुतुरमुर्ग अपने बाड़े में रोजाना की तरह एक स्थान पर बैठा था, जिसकी मौत देर रात हो गई है, जिसका पोस्टमार्टम कराया गया था. जिसमें डायरिया व संक्रमण से मौत का खुलासा हुआ. इसके अलावा एक बच्चा जन्मजात कमजोर था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई थी. शुतुरमुर्ग के जोड़े को नया बाड़ा रास नही आया, एक वर्ष में ही नर शुतुरमुर्ग की मौत हो गई है. जून 2022 में बड़े बाडे में शिफ्ट किए गए शुतुरमुर्ग को पहले छोटे बाड़े में रखा गया था, पर हिरण को जंगल सफारी ले जाने के बाद शुतुरमुर्ग को उस बाड़े में शिफ्ट किया गया है. बाड़ा बड़ा होने से शुतुरमुर्ग आसानी से चारों तरफ दौड़ लगा रहा है. गर्मी से शुतुरमुर्ग के जोड़े को राहत दिलाने के लिए पानी का स्प्रिंकलर लगाया गया है। नर शुतुरमुर्ग की मौत के बाद अब कुनबा बढ़ेगा कि नहीं एक समस्या आ गई है, क्योंकि वर्तमान में एक व्यस्क मादा और दो छोटे बच्चे हैं।

## 15 से होने वाली बीएससी नर्सिंग परीक्षा अब 22 से

**रायपुर, 11 नवंबर।** विधानसभा चुनाव के कारण बीएससी नर्सिंग प्रथम, द्वितीय व तृतीय सेमेस्टर की 15 से होने वाली परीक्षा स्थगित हो गई है. इस संबंध में हेल्थ साइंस विवि ने अधिसूचना जारी कर दी है। तीनों ही कक्षाओं की परीक्षा में 12 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं के शामिल होने की संभावना है. प्रदेश में सरकारी के 8 समेत नर्सिंग के कुल 145 कॉलेज है, जिसमें 115 कॉलेजों में बीएससी कोर्स चल रहा है. नर्सिंग में पिछले साल से सेमेस्टर प्रणाली से परीक्षा शुरू हुई है. पहले जारी रिजल्ट में महज 41 व दूसरी बार के रिजल्ट में 52 फीसदी छात्र-छात्राएं पास हुए थे. यानी जब एक साल में एक बार परीक्षा होती थी, तब रिजल्ट 60 फीसदी के आसपास आता था. सेमेस्टर प्रणाली का सिस्टम पूरे देशभर में हुआ है. विवि के अधिकारियों के अनुसार परीक्षा के लिए टाइम-टेबल सितंबर में घोषित किया गया था. तब विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी नहीं हुआ था. परीक्षा के लिए पहले ही केंद्र घोषित कर दिया गया था।




























कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23